Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 17 | रविवार, 18 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## उत्तर भारत में कोहरे का कहर

# यूपी में सात लोगों की मौत

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में भीषण ठंड और कोहरे का कहर जारी है। आज मौसम मुख्य रूप से ठंडा और कोहरे से प्रभावित रहेगा, हालांकि शीतलहर की तीव्रता में कुछ कमी आएगी। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में अगले एक सप्ताह के दौरान शीतलहर की संभावना नहीं है, लेकिन घना कोहरा और ठंड जारी रहेगी। कुछ इलाकों में हल्की बारिश/बर्फबारी की संभावना भी है। शनिवार को उत्तर प्रदेश में इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया रहा, जिसके कारण कई जिलों में सड़क हादसे हुए। विभिन्न स्थानों पर कुल 40 से अधिक वाहनों की टक्कर हुई, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई–जिसमें एक डेढ़ साल की मासूम बच्ची भी शामिल है। इन हादसों में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कोहरे की वजह से दृश्यता शून्य के करीब पहुंच गई, जिससे हाईवे और प्रमुख सड़कों पर वाहन चालकों को नियंत्रण खोने की समस्या हुई। राज्य में 100 से अधिक ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति और चंबा जिलों में ताजा बर्फबारी हुई, जिसके चलते कई पर्यटक प्रभावित हुए। स्पीति के शिंकुला दर्रा क्षेत्र में 25 पर्यटक वाहन बर्फ में फंस गए। स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि, शिमला और चौपाल जैसे कुछ इलाकों में तापमान में मामूली बढ़ोतरी देखी गई–सियोबाग का न्यूनतम तापमान 1.0त्ज से बढ़कर 8.0त्ज तक पहुंच गया।

### श्रीनगर का पारा -4.0 डिग्री तक पहुंच गया

जम्मू–कश्मीर में 'चिल्लई कलां' का 40 दिन का दौर जारी है, जो आज अपना 28वां दिन पूरा कर रहा है। घाटी में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट आई है। श्रीनगर का पारा –4.0त्ज तक पहुंच गया, जबकि शोपियां में –5.6त्ज दर्ज किया गया। पहलगाम –2.6त्ज, गुलमर्ग –4.2त्ज और सोनमर्ग –2.9त्ज रहा। इस भीषण ठंड से दाल झील और अन्य जलाशयों के कुछ हिस्से जम गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को कड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।





## ऐतिहासिक समुद्री मार्गों पर फिर निकला आइएनएस सागरध्वनि




**कोच्चि।**

भारत की समुद्री विज्ञानी विरासत को नई ऊर्जा देते हुए, आइएनएस सागरध्वनि को 'सागर मैत्री' अभियान के पांचवें संस्करण के लिए शनिवार को कोच्चि से रवाना किया गया। इस अभियान की विशेष बात यह है कि इसके तहत आइएनएस सागरध्वनि, वर्ष 1962-65 के दौरान अंतरराष्ट्रीय हिंद महासागर अभियान में भाग लेने वाले पोत आइएनएस कृष्णा के ऐतिहासिक समुद्री मार्गों का पुनः अनुसरण करेगी। दक्षिणी नौसेना कमान में आयोजित ध्वजारोहण समारोह की अध्यक्षता राधा मोहन सिंह, अध्यक्ष, संसदीय स्थायी समिति (रक्षा) ने की। रक्षा प्रवक्ता के अनुसार, सागर मैत्री भारतीय नौसेना और डीआरडीओ की एक प्रमुख संयुक्त पहल है, जो भारत सरकार की 'सागर' की अवधारणा के अनुरूप है। इसका उद्देश्य च्हद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच समुद्र विज्ञान अनुसंधान, वैज्ञानिक सहयोग, क्षमता निर्माण और सामाजिक-आर्थिक सहभागिता को सुध्ढ़ करना है। यह पहल ओमान, मालदीव, श्रीलंका, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया और म्यांमार सहित आठ च्हद महासागर क्षेत्रीय देशों के साथ दीर्घकालिक विज्ञानी सहयोग को बढ़ावा देगी।

## इराक के ऐन अल-असद बेस से पूरी तरह हटी अमेरिकी सेना



**नई दिल्ली।**

अमेरिकी सैनिकों की वापसी के साथ ही ऐन अल-असद एयर बेस अब पूरी तरह इराक नियंत्रण में लौट आया है। लेफ्टिनेंट जनरल अब्दुल अमीर राशिद यारल्लाह ने बेस में सभी इकाइयों को जिम्मेदारियां सौंपी और तालमेल बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे संचालन में तेजी और प्रभाव बढ़ेगा। इराकी अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अमेरिका ने पश्चिमी इराक में एक प्रमुख एयर बेस से अपनी सेना पूरी तरह हटा ली है। इराक सरकार के साथ समझौते के तहत सैनिकों की यह वापसी हुई। वॉशिंगटन और बगदाद ने 2024 में यह तय किया था कि अमेरिकी के नेतृत्व में बनाई गई सेना सितंबर 2025 तक चरणबद्ध तरीके से ऐन अल-असद बेस पीछे हट जाएगी।

## राज्यसभा में 19 सरकारी विधेयक हैं लंबित

**नई दिल्ली।**



**सबसे पुराना बिल 1992 का**

संसद के उच्च सदन राज्यसभा में इस समय 19 सरकारी विधेयक दशकों से विचार के लिए लंबित हैं। इनमें सबसे पुराना विधेयक 1992 का है। यह विधेयक जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित है। राज्यसभा संसद का स्थायी सदन है जो कभी भंग नहीं होता है। इसके एक तिहाई सदस्य हर दो वर्ष में कार्यकाल पूरा करते हैं। जबकि जो विधेयक लोकसभा में लंबित होते हैं, लोकसभा भंग होने के साथ ही उनका अस्तित्व खत्म हो जाता है लेकिन राज्यसभा में ऐसा नहीं होता है। राज्यसभा में आए विधेयक पर यदि चर्चा नहीं हुई और उस पर निर्णय नहीं हुआ तो वह लंबित रहता है। ऐसे ही 19 विधेयक राज्यसभा में लंबित हैं। इनमें सबसे पुराना 79 वां संविधान संशोधन विधेयक है जो 1992 से लंबित है। यह विधेयक जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित है। इस विधेयक में छोटे परिवार की कल्पना को साकार करने का सरकारी प्रविधान है। इस विधेयक में छोटे परिवार को मूलभूत कर्तव्य के रूप में लागू किए जाने का प्रविधान है। इसके अनुसार जिस भी विधायक या सांसद के दो से ज्यादा बच्चे होते वह सदन की सदस्यता के अयोग्य घोषित हो जाता है। इसी प्रकार से दो से ज्यादा बच्चों वाले माता-पिता चुनाव नहीं लड़ पाते। इसी प्रकार से दिल्ली किराया संशोधन विधेयक भी 1997 से लंबित है।

## गाजा 'शांति बोर्ड' से इस्राइल नाराज

**नई दिल्ली।**



इस्राइल ने अमेरिका की शांति बोर्ड की घोषणा पर आपत्ति जताई है। गाजा शांति के लिए ट्रंप की भावी योजना में भूमिका निभाने वाले नेताओं को लेकर इस्राइल ने नाराजगी जताई है। इस्राइल ने इसे पॉलिसी के खिलाफ बताया है। इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'बोर्ड ऑफ पीस' (इङ्कं१ड्डि ढ्ढीं) का गठन किया है। इसी के साथ 20 सूत्री शांति योजना के दूसरे चरण की देखरेख के लिए गठित 'शांति बोर्ड' में नियुक्त लोगों की सूची भी जारी की गई। जिस पर इस्राइल ने आपत्ति जताई है।

### ट्रंप बोले- ग्रीनलैंड की सुरक्षा अहम

## एक फरवरी से डेनमार्क समेत आठ देशों पर लगेगा 10% टैरिफ

**नई दिल्ली।**




अब सदियों बाद समय आ गया है कि डेनमार्क कुछ वापस करे, क्योंकि विश्व शांति दांव पर है। चीन और रूस ग्रीनलैंड चाहते हैं और डेनमार्क इसके लिए कुछ भी नहीं कर सकता। फिलहाल वहां सुरक्षा के नाम पर सिर्फ दो डॉग स्लेज (बफीर्ले इलाके में कुत्तों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ी) हैं, जिनमें से एक हाल ही में जोड़ा गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में कई देशों पर टैरिफ लगाने को लेकर हमेशा चचाओं में रहे हैं। अब उन्होंने आठ देशों पर एक फरवरी से दस फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया। यही नहीं उन्होंने जून से इस टैरिफ को 25 फीसदी तक बढ़ाने की चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में घोषणा की कि अगले महीने से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड से उनके देश भेजे जाने वाले सामानों पर दस फीसदी आयात शुल्क (टैरिफ) लगेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह टैरिफ तब तक लागू रहेगा, जब तक ग्रीनलैंड की पूर्ण खरीद को लेकर कोई समझौता नहीं हो जाता। वहीं, यूरोपीय संघ की प्रमुख ने ट्रंप के बयान की धमकी आलोचना की। यूरोपीय संघ ने इन प्रस्तावित टैरिफ पर चर्चा के लिए एक आपात बैठक बुलाई है। डेनमार्क, यूरोपीय संघ (ईयू) के सभी सदस्य देशों और अन्य राष्ट्रों को सब्सिडी दी है। हमने उनसे न तो शुल्क (टैरिफ) लिया और न ही किसी अन्य प्रकार का भुगतान। अब सदियों बाद समय आ गया है कि डेनमार्क कुछ वापस करे, क्योंकि विश्व शांति दांव पर है। चीन और रूस ग्रीनलैंड चाहते हैं और डेनमार्क इसके लिए कुछ भी नहीं कर सकता।

फिलहाल वहां सुरक्षा के नाम पर सिर्फ दो डॉग स्लेज (बफीर्ले इलाके में कुत्तों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ी) हैं, जिनमें से एक हाल ही में जोड़ा गया है।

## संत और गो सेवा के लिए बेची 200 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** संत और गो सेवा के लिए 200 करोड़ की संपत्ति बेच दी। स्वामी हरीश्वरानंद तीर्थ महाराज के प्रपौत्र अरविंद स्वामी जोशी ने अनोखा किस्सा बताया है। सेक्टर-6 में श्री स्वामी डूंग जी महाराज संस्थान भूरा मठ के अन्नक्षेत्र का ऐतिहासिक गौरव है। संगम की धरा पर दान-पुण्य का सिलसिला अनवरत जारी है। यहां एक ऐसा मठ भी डेरा जमाए है, जिसके किस्से सुनकर आप हैरान हो जाएंगे।

## गाजा में तुर्किए की एंट्री के अमेरिकी प्लान पर बिफरा इजरायल

**तेल अवीव।**



एक असामान्य घटनाक्रम में इजरायल ने गाजा को लेकर अमेरिकी नीति पर कड़ा एतराज जताया है। इससे दोनों देशों के बीच मतभेद उभरते दिख रहे हैं। ये विवाद गाजा के लिए गठित अमेरिकी समर्थित कार्यकारी बोर्ड की संरचना को लेकर उभरा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा इस सप्ताह की गई घोषणा इजरायल के साथ समन्वय के बगैर की गई और यह उसकी सरकारी नीति के विपरीत है। बयान में कहा गया कि विदेश मंत्री गिडोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के समक्ष उठाएंगे। हालांकि इजरायली पक्ष ने यह स्पष्ट नहीं किया कि बोर्ड की संरचना का कौन-सा हिस्सा उसकी नीति से टकराता है, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें तुर्किए की भागीदारी प्रमुख वजह है। व्हाइट हाउस द्वारा घोषित समिति में तुर्किए के विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल किया गया है, जबकि इजरायल लंबे समय से गाजा में तुर्किए की किसी भी भूमिका का विरोध करता रहा है। बोर्ड में संयुक्त राष्ट्र की मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया की विशेष समन्वयक सिग्रिड कॉग, एक इजरायली-साइप्रट उद्योगपति और संयुक्त अरब अमीरात के एक मंत्री को भी जगह दी गई है। यह समिति गाजा में अस्थायी शासन की निगरानी करेगी और ट्रंप द्वारा प्रस्तावित युद्ध समाप्ति योजना के दूसरे चरण को आगे बढ़ाएगी।

## दिल्ली एम्स ने टेंट के लिए दी जमीन,लेकिन हकीकत में तीमारदारों को खुले में काटनी पड़ रही है रातें

**नई दिल्ली।**

कड़ाके की ठंड के बीच अस्पतालों के बाहर मरीजों और उनके तीमारदारों की परेशानी लगातार सामने आने के बाद आखिरकार सरकार और संस्थान जगे और कुछ कदम उठाए जाने आरंभ हुए हैं। इंटरनेट मीडिया और जनदबाव के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली ने टेंट लगाने के लिए अपनी भूमि उपलब्ध कराई है, ताकि इलाज के लिए दूर-दराज से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को खुले आसमान के नीचे रात न बितानी पड़े और उन्हें ठंड से कुछ राहत मिल सके। यह पहल उस समय सामने आई, जब एम्स के बाहर खुले में रात गुजारने को मजबूर मरीजों और उनके तीमारदारों की तस्वीरें और वीडियो सार्वजनिक हुए। इनके सामने आने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था और सरकारी संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल उठने लगे। इसके बाद सक्रिय हुए तंत्र ने बड़े-बड़े दावों के साथ राहत के कदम उठाने शुरू किए। कहा गया कि अब कोई भी खुले में नहीं सो रहा है। मरीजों और उनके तीमारदारों को बिस्तर और शेल्टर दोनों उपलब्ध करा दिए गए हैं। परिसर के भीतर आवागमन के लिए ईवी की सुविधा उपलब्ध है। दैनिक जागरण की टीम ने जब इन दावों की मौके पर जाकर पड़ताल की, तो जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती नजर आई। एम्स परिसर में टेंट लगाए जा रहे हैं। उनके भीतर चारपाइयां और अस्थायी बेड जरूर दिखते हैं, लेकिन ये व्यवस्थाएं अभी अधूरी हैं। कई टेंट खाली पड़े हैं। कुछ जगहों पर बिस्तरों पर तार, पाइप और अन्य निर्माण सामग्री रखी नजर आई, जबकि कई टेंटों में बिजली और रोशनी की व्यवस्था अधूरी दिखी।



## संपादक की कलम से

# पुलिस वर्दी तक चिट्टे के दाग

पुलिस वर्दी में चिट्टे के दागों को मिटाने की सख्ती ने ग्यारह कर्मियों को घर बैठा दिया है। अपनी तरह का उदाहरण पेश करते हुए हिमाचल सरकार ने एक साथ पुलिस कर्मियों पर बड़ी कार्रवाई की है। जाहिर है चिट्टे के मनहूस धंधे में ऐसी कई कडियां हैं, जहां व्यवस्था में छुपे सांप नजर आते हैं। एक बहुत बड़ा तंत्र मिलीभगत पर उतर आया है। नशाखोरी के आलम में पूरी तरह तफतीश हो, तो आसान तरीकों की कमाई में ह्यएक नरकह्न काम कर रहा है। आश्चर्य यह कि जिस वर्दी के हवाले से चिट्टे के खिलाफ अभियान चल रहा है, उसके भीतर भी कई तरह के खलनायक छुपे हैं। चिट्टा कोई सीढि ?ां चढ़ कर हिमाचल नहीं पहुंचा, बल्कि कानून व्यवस्था के बीच हाथ मिला कर चौकसी की मिट्टी पलीद कर रहा है। यहां सामान्य ड्यूटी में तैनात व सीआईडी की गोपनीयता में शरीक पुलिस कर्मी भी मिले हैं, तो अलग-अलग बटालियनों में नशे के सरगना सक्रिय रहे हैं। चिट्टे के खिलाफ हिमाचल सरकार ने हर तरीके, बंदोबस्त, चौकसी, सतर्कता, सामाजिक जवाबदेही और सख्ती के संदेशों से एक जबरदस्त अभियान को अंजाम तक पहुंचाने की ठान ली है। हर दिन पुलिस की ही फाइल से ऐसे मामलों की सूचना परवान चढ़ रही है, तो हर केस हिस्ट्री बता रही है कि चिट्टे की आपूर्ति में खुराक दर खुराक पहुंचाई जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व एक सरकारी वाहन में चिट्टे की तरह सफेद सामान मिला था, लेकिन तब यह चीनी का बुरादा साबित हुआ था। हिमाचल के चरित्र में आ रहा खचीर्लापन, दिखावे का भडक ीलापन, समाज में अकेलापन और युवा पीढ़ी के प्रति नीतियों का रूखापन, हमें विचित्र परिस्थितियों के गलघोंटू माहौल में कैद कर रहा है। यहां भूमिका सिर्फ पुलिस या पुलिस के डंडे की नहीं, हर घर, मोहल्ले, बस्ती, गांव, शहर और प्रदेश की भी है। नशा दवाई की दुकान पर बोतल चाटते हुए मिलेगा, जंगल में उगी भांग में मिलेगा, तो यारी-दोस्ती में चिट्टे की घुसपैठ जैसा दिखेगा। हमें जरूरत ज्यादा अस्पतालों की है या खेल के मैदानों की। हमें जरूरत रोजगार अवसरों की है या सरकारी नौकरी की पोस्टरबाजी ने युवा कल्पना को ही मार दिया है। क्या हमारी शिक्षा की व्याख्या में नौकरी का पाठ्यक्रम इतना उद्वेलित नहीं हो गया कि छात्र जीवन गलत आसरा ढूंढने लगा। चिट्टे का मनोवैज्ञानिक प्रभाव ही गलत रास्तों पर समाज की टेढ़ी कमर का फायदा उठा रहा है। अगर सामाजिक, पारिवारिक और व्यवस्थागत विद्रूपताएं न हों, तो कौन इस धंधे में जीवन को असहाय बनाए। इस नशे का एक ही पर्याय है मौत, फिर भी मौत के धंधे में हाथ साफ करते देखे जा रहे हैं। इसकी आपूर्ति ही इसका सेवन है, जहां समाज के भीतर लक्ष्य भी हैं और शिकार भी। ये ग्यारह पुलिस कर्मी धंधे के शिकार हुए या इन्होंने अपनी भूमिका के लक्ष्य में गुनाह को कबूल किया। पुलिस और इसके अधीन होमगाड्र्स जहां भी ड्यूटी निभाते हैं, वहां दोहरे मानदंड या दोहरा चरित्र क्यों सामने आ रहा है। यह मामूली रिश्वत से शुरू होकर असामाजिक तत्वों की गलबहियों में उपजा विनाश बन जाता है। ऐसा क्यों है कि सुरक्षा कर्मियों के पहरे में धार्मिक स्थल भी भ्रष्टाचार के पापड़ बेलना शुरू कर देते हैं। अक्सर ह्यदर्शन करवा देंगेह्न के पीछे जो संवाद पुलिस का सिपाही या होम गार्ड करता है, उसके पीछे मंदिर के टीके और प्रशाद की कीमत की अदायगी का धंधा नहीं तो और क्या हो रहा है। इस चिलमन के पीछे एक अदृश्य तंत्र छुपा है, जो हर प्रभाव, हर सतर्कता और हर निगरानी के घाव बांट रहा है। चिट्टा अगर युवा पीढ़ी के खिलाफ खड़ा है, तो यह पुलिस अनुशासन के लिए भी चुनौती बन रहा है। जाहिर है पुलिस विभाग को अपने फील्ड स्टाफ तक की काउंसिलिंग करने की जरूरत है।




ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### मौनी अमावस्या

मोनिका डागा आनंद



माघी मौनी अमावस्या की तिथि विशेषकर है पितरों को समर्पित,
पितरों को इस दिन तर्पण से प्रसन्न कर आशीर्वाद करें अर्जित,
गंगा स्नान दान ध्यान धार्मिक पठन पाठन का अनंत पुण्यफल,
जीवन को ह्यआनंदह्न से भरने का माघ उत्सव देता हैं अमृतफल।

गंगासागर में डुबकी लगानें का इस तिथि है बहुत ही विशेष महात्म,
संचित कर्मों से मुक्ति पाने का योग है अति ही शुभकंर और उत्तम,
तन मन से जब भगवत्कृपा से होती हैं पूर्णत: विकारों से शुद्धि,
जागृत होती है अनंत की अनुभूति और आत्मिक सुख सिद्धी।

अमावस्या की तिथि संकेत देती हैं अंधकार का अंत और पुन:निर्माण,
आशावादी हो मनुष्य निराशा त्याग अपने लक्ष्य की ओर दे ध्यान,
मन को शांत कर चैतन्य करें भीतर के दिव्य आत्मिक प्रकाश को,
पितरों और देवी-देवताओं के आशीर्वाद से प्राप्त करें जीवन आल्हाद को।
वैदिक परंपराओं,पौराणिक ऋचाओं में निहित है वैज्ञानिक समावेश,
नव ग्रहों की अनुकूलता से बढ़ता पारिवारिक प्रीति सुख परिवेश,
सभी का हो मंगल आत्मिक सुख शांति वैभव की करूँ मैं कामना,
माघी अमावस्या पर अंत हो दु:खों का सफल हो सच्ची साधना।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## मौनी अमावस्या- 18 जनवरी, 2026

# अशांति के कोलाहल में शांति का शंखनाद है मौन

मौन केवल शब्दों का अभाव नहीं है, वह आत्मा की सबसे सघन भाषा है। 18 जनवरी 2026 को आने वाली मौनी अमावस्या इसी मौन की महत्ता को जीवन के केंद्र में प्रतिष्ठित करने का पावन, सिद्ध एवं पवित्र अवसर है। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में मौन को जितना ऊँचा स्थान दिया गया है, उतना शायद किसी अन्य साधना को नहीं। ऋषियों ने कहा है कि जहाँ शब्द समाप्त होते हैं, वहीं से सत्य आरंभ होता है। मौन वही बिंदु है जहाँ मन की चंचल तरंगें थमती हैं और चेतना का निर्मल सरोवर प्रकट होता है। यह जीवन का सौंदर्य भी है और ऊर्जा का अक्षय भंडार भी। मौन में शक्ति संचित होती है, दिशा मिलती है और अध्यात्म को गति प्राप्त होती है। मौनी अमावस्या का संबंध केवल कैलेंडर की एक तिथि से नहीं, बल्कि जीवन के गहरे अनुशासन से है। यह दिन मनुष्य को बाहरी कोलाहल से हटाकर अंतमुर्खी होने का निमंत्रण देता है। मौन का अर्थ यह नहीं कि व्यक्ति निष्क्रिय हो जाए, बल्कि यह कि उसकी चेतना जाग्रत हो जाए। जब वाणी विश्राम करती है, तब विवेक बोलने लगता है। मनुष्य का मन, जो सामान्यतः अतीत और भविष्य के बीच भटकता रहता है, मौन में वर्तमान में टिकना सीखता है। यही एकाग्रता आत्मशुद्धि का द्वार खोलती है। मौन साधना है, तप है और जीवन की आध्यात्मिक ऊँचाई है।

मौनी अमावस्या को अमावस्या का भी विशेष महत्व है। अमावस्या का अंधकार बाहरी रूप से भले ही रिक्तता का संकेत दे, परंतु आध्यात्मिक दृष्टि से यह भीतर की यात्रा का प्रतीक है। जब चंद्रमा अदृश्य होता है, तब मनुष्य के भीतर का चंद्र प्रकट होने की संभावना बनती है। मौन और अमावस्या का यह संयोग आत्मचिंतन को अत्यंत प्रभावशाली बना देता है। इस दिन किया गया मौन-व्रत केवल वाणी का संयम नहीं, बल्कि विचारों का परिष्कार भी है। विचारों की शुद्धि से ही कर्म शुद्ध होते हैं और कर्मों की शुद्धि से जीवन पवित्र बनता है। मौनी अमावस्या का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष पितृ तर्पण और पिंडदान से जुड़ा है। भारतीय संस्कृति में पितरों को केवल अतीत की स्मृति नहीं माना गया, बल्कि वे हमारी चेतना की जड़ें हैं। जिनसे हमें जीवन मिला, जिनके संस्कार हमारे रक्त में प्रवाहित हैं, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना आध्यात्मिक दायित्व है। इस दिन पवित्र नदियों के तट पर या श्रद्धा के साथ घर में किया गया तर्पण और पिंडदान पितरों की आत्मा को शांति प्रदान करता है। ऐसा माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन किए गए तर्पण से पितृलोक में विशेष संतोष और तृप्ति का संचार होता है। तर्पण केवल जल अर्पण की क्रिया नहीं है, वह स्मरण की साधना है। जब संतति अपने पूर्वजों को श्रद्धा से याद करती है, तो एक अदृश्य सेतु बनता है जो



पीढ़ियों को जोड़ता है। पिंडदान के माध्यम से पितरों की अधूरी कामनाओं को पूर्णता की दिशा मिलती है और उन्हें मोक्ष की ओर अग्रसर होने में सहायता प्राप्त होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि मौनी अमावस्या के दिन किया गया पिंडदान अनेक अमावस्याओं के फल के बराबर होता है, क्योंकि इस दिन मौन की ऊर्जा कर्म को कई गुना प्रभावशाली बना देती है। इस दिन मौन के साथ किया गया तर्पण साधक के भीतर भी गहरा परिवर्तन लाता है। जब व्यक्ति मौन रहकर पितरों का स्मरण करता है, तो उसका अहंकार स्वतः झुक जाता है। उसे यह बोध होता है कि वह अकेला नहीं है, बल्कि एक लंबी परंपरा की कड़ी है। यह बोध जीवन में विनम्रता, करुणा और संतुलन को जन्म देता है। मौन की शांति में किया गया स्मरण केवल पितरों को ही नहीं, स्वयं साधक को भी मुक्त करता है। वह अपने भीतर जमी अनेक ग्रंथियों को खोल पाता है। मौनी अमावस्या पर मौन धारण करना मन को एकाग्र करने का सशक्त साधन है। मनुष्य का सबसे बड़ा संघर्ष अपने ही मन से है। वाणी जब निरंतर सक्रिय रहती है, तो मन भी बाहर की ओर दौड़ता रहता है। मौन उसे भीतर लौटने का अवसर देता है। इस दिन यदि व्यक्ति कुछ समय के लिए पूर्ण मौन रखे, ध्यान करे, जप करे या केवल श्वास के आवागमन को साक्षी भाव से देखे, तो आत्मा पर जमी धूल स्वतः झड़ने लगती है। यही आत्मशुद्धि है, यही साधना का सार है। मौन जीवन को सुंदर बनाता है क्योंकि वह अनावश्यक को हटाता है। जहाँ मौन है, वहाँ क्रोध, ईर्ष्या और द्वेष स्वतः क्षीण हो जाते हैं। मौन शक्ति का केंद्र इसलिए है क्योंकि वह ऊर्जा को व्यर्थ बिखरने नहीं देता। जो ऊर्जा शब्दों में नष्ट होती है, वही मौन में संचित होकर साधना बन जाती है। इसी संचित ऊर्जा से व्यक्ति अपने जीवन को ऊँचाई देता है। मौन अध्यात्म की गति है क्योंकि यह सीधे आत्मा से जुड़ता है, किसी माध्यम की आवश्यकता नहीं होती। वस्तुतः आध्यात्मिक क्षेत्र में मौन का एक विशिष्ट और अपरिहार्य स्थान है। यह कोई साधारण चुप्पी नहीं, बल्कि एक अत्यंत व्यवस्थित और वैज्ञानिक साधना है, जिसे अपनाकर साधक अपनी चित्त-वृत्तियों को विक्षेप से बचा लेता है। मौन के अभ्यास से जीवनी शक्ति और प्राण शक्ति परिपुष्ट होती है। व्यक्ति अपने भीतर एक नई स्फूर्ति, नई ताजगी और आंतरिक ऊर्जा का अनुभव करता है। निरंतर बोलते रहने से न केवल वाणी की प्रभावशीलता क्षीण होती है, बल्कि उससे मस्तिष्क की सूक्ष्म शक्तियों का भी अनावश्यक क्षय होता है। मौन के द्वारा वाणी सुरक्षित होती है, परिष्कृत होती है और उसमें गहन प्रभाव उत्पन्न होता है। अध्यात्म क्षेत्र में जिस वाक्-सिद्धि की चर्चा की जाती है, उसका मूल आधार भी मौन-साधना ही है। कम बोलने वाला व्यक्ति जब बोलता है, तो उसके शब्दों में स्वतः ही वजन और प्रभाव आ जाता है। महात्मा गांधी अपने जीवन में मौन को विशेष महत्व देते थे। उनकी आत्मकथा से ज्ञात होता है कि वे प्रति सप्ताह एक दिन मौन रखते थे। उनका अनुभव था कि मौन से उन्हें गहरा विश्राम मिलता है और कार्य करने के लिए नई शक्ति का संचार होता है। इसी प्रकार आचार्य तुलसी भी प्रायः प्रतिदिन नियमित रूप से मौन-साधना करते थे। वे कहा करते थे कि मौन से उन्हें अपूर्व आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है। यह एक सुनिश्चित तथ्य है कि यदि मौन-साधना के साथ मनोवृत्तियों को आत्मचिंतन में लगा दिया जाए, तो आध्यात्मिक आनंद का निर्झर स्वतः प्रवाहित होने लगता है। महान संत महर्षि रमण के विषय में प्रसिद्ध है कि वे प्रायः मौन ही रहते थे, किंतु उस मौन में इतनी गहन संप्रेषण शक्ति थी कि उनके समीप आने वाले जिज्ञासुओं की जटिलतम समस्याओं का समाधान बिना शब्दों के ही हो जाता था। वस्तुतः मौन एक अंतभार्षा है-ऐसी भाषा जो शब्दों से परे होकर सीधे आत्मा से संवाद करती है। प्राचीन ऋषि-मुनि अपने शिष्यों को मौन के माध्यम से ही उपदेश देते थे। मौन-साधना से वे सभी सिद्धियाँ प्राप्त की जा सकती हैं, जिनकी प्राप्ति के लिए अन्य कठिन योग-साधनाओं का सहारा लेना पड़ता है। मौन, साधना का शिखर भी है और साधना का आधार भी। मौनी अमावस्या हमें यह सिखाती है कि जीवन की वास्तविक प्रगति बाहरी उपलब्धियों से नहीं, भीतर की शांति से मापी जाती है। इस दिन का संदेश स्पष्ट है कि कुछ क्षण रुकिए, मौन में उतरिए और अपने मूल से जुड़िए। पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर, उनके लिए तर्पण और पिंडदान कर, और स्वयं के लिए मौन साधना अपनाकर मनुष्य अपने जीवन को संतुलित और सार्थक बना सकता है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि मौन कोई रिक्तता नहीं, बल्कि पूर्णता है, कोई कमजोरी नहीं, बल्कि अपार शक्ति है। अंततः मौनी अमावस्या आत्मा का पर्व है। यह न केवल पितरों को मोक्ष की दिशा में ले जाने वाला अवसर है, बल्कि जीवित मनुष्य के लिए भी आंतरिक मुक्ति का द्वार है। मौन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर के शोर से मुक्त होता है, और जब भीतर शांति स्थापित होती है, तभी जीवन में सत्य, करुणा और चेतना का प्रकाश फैलता है। मौनी अमावस्या हमें इसी प्रकाश की ओर अग्रसर होने का मौन आमंत्रण देती है। अशांति के कोलाहल में शांति का शंखनाद है मौन।



ललित गर्ग

# रिश्तों में संतुलन का संकट : भावनाओं के शोषण की सामाजिक सच्चाई



प्रियंका सौरभ

मनुष्य का जीवन रिश्तों के ताने-बाने से ही आकार लेता है। परिवार, मित्रता, प्रेम, सहयोग और सामाजिक संबंध—ये सभी हमारे अस्तित्व को अर्थ प्रदान करते हैं। किंतु आज के समय की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि रिश्तों में संवेदनशीलता की जगह स्वार्थ ने ले ली है और भावनाओं को कमजोरी समझा जाने लगा है। जो व्यक्ति दिल से निभाने का प्रयास करता है, वही अक्सर सबसे अधिक आहत और ठगा हुआ दिखाई देता है।

जब कोई व्यक्ति किसी रिश्ते में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता है, सामने वाले की सहूलियतों का ध्यान रखता है, उसकी भावनाओं को समझने का प्रयास करता है और स्वयं को बार-बार पीछे कर लेता है, तो यह त्याग हर बार सम्मान नहीं पाता। कई बार सामने वाला इस व्यवहार को प्रेम या अपनापन नहीं, बल्कि मूर्खता मान लेता है। यहीं से रिश्तों में असंतुलन की प्रक्रिया शुरू होती है।

कुछ लोग ऐसे होते हैं जो दूसरों की भावनाओं पर टिककर अपने अहंकार को बड़ा करते हैं। वे धीरे-धीरे स्वयं को अत्यधिक महत्वपूर्ण समझने लगते हैं। उन्हें यह भ्रम हो जाता है कि वही रिश्ते का केंद्र हैं, वही निर्णय लेने वाले हैं और सामने वाला व्यक्ति उनके बिना अधूरा है। इसी मानसिकता के चलते वे अनावश्यक उपदेश देने लगते हैं, हर विषय पर अपनी राय को अंतिम सत्य घोषित करते हैं और लगातार बोलते रहने को ज्ञान का प्रमाण मान लेते हैं।

समस्या सलाह देने में नहीं है, समस्या तब पैदा होती है जब सलाह सम्मान के बजाय नियंत्रण का माध्यम बन जाए। जब संवाद बराबरी का न रहकर वर्चस्व स्थापित करने का साधन बन जाए। ऐसे लोग प्रेम, स्नेह, देखभाल और भावनाओं की भाषा नहीं समझते। वे हर रिश्ते को लाभ और हानि के तराजू पर तौलते हैं। उनके लिए रिश्ता एक साधन मात्र होता है, लक्ष्य नहीं। ऐसे स्वभाव के लोग अक्सर इस भ्रम में जीते हैं कि सामने वाला व्यक्ति उन पर निर्भर है। उसकी विनम्रता, सहनशीलता और समझदारी उन्हें मजबूरी प्रतीत होती है। वे मान लेते हैं कि यह व्यक्ति उन्हें छोड़ नहीं सकता, उनसे प्रश्न नहीं कर सकता और उनका विरोध करने का साहस नहीं रखता। यहीं से भावनात्मक शोषण की प्रक्रिया शुरू होती है, जो धीरे-धीरे सामान्य व्यवहार का रूप ले लेती है। परंतु हर सहनशीलता की एक सीमा होती है। जब सामने वाला व्यक्ति सजग होता है, आत्मचिंतन करता है और यह समझने लगता है कि उसका अस्तित्व केवल उपयोग की वस्तु बनकर रह गया है, तब वह स्वयं को बचाने का प्रयास करता है।

यही क्षण स्वार्थी व्यक्ति को सबसे अधिक असहज करता है, क्योंकि अब उसका नियंत्रण खतरे में पड़ जाता है। जैसे ही वह देखता है कि दूसरा व्यक्ति सवाल पूछने लगा है, अपनी बात रखने लगा है या मानसिक दूरी बना रहा है, वैसे ही वह नया तरीका अपनाता है—आरोप लगाने का। अब वही व्यक्ति, जो स्वयं को अत्यंत समझदार और ज्ञानी बताता था, चरित्र पर आक्षेप लगाने लगता है। वह बाहरी लोगों के सामने रिश्ते की कहानी को अपने पक्ष में इस तरह प्रस्तुत करता है कि स्वयं को पीड़ित और सामने वाले को दोषी सिद्ध किया जा सके। यहीं से रिश्ते का स्वरूप पूरी तरह बदल जाता है। संवाद का स्थान आरोप ले लेते हैं। समझ और धैर्य की जगह कटुता और वैमनस्य आ जाता है। हर बातचीत में यह सुनने को मिलता है—ह्यतुम बदल गए होह्न, ह्यपहले ऐसे नहीं थेह्न, ह्यअब तुम घमंडी हो गए हो। वास्तविकता यह होती है कि यह परिवर्तन नहीं, बल्कि आत्मबोध होता है, जिसे स्वार्थी व्यक्ति स्वीकार नहीं कर पाता।

धीरे-धीरे रिश्ते कुरुक्षेत्र के मैदान में बदल जाते हैं, जहाँ उद्देश्य समाधान नहीं, बल्कि जीत हासिल करना होता है। एक पक्ष चुप रहकर स्वयं को बचाने का प्रयास करता है, जबकि दूसरा पक्ष शोर मचाकर सहानुभूति बटोरने में लगा रहता है। ऐसे लोग सहानुभूति अर्जित करने में अत्यंत कुशल होते हैं। वे अपनी बात को इस प्रकार गढ़ते हैं कि सुनने वाला सहज ही उनके पक्ष में खड़ा हो जाता है। इन परिस्थितियों में सामान्य, संवेदनशील और नैतिक व्यक्ति सबसे अधिक मानसिक पीड़ा झेलता है। वह जानता है कि हर आरोप का उत्तर देना संभव नहीं है। हर झूठ को सार्वजनिक रूप से काटना उसके स्वभाव और संस्कारों के विरुद्ध है। परिणामस्वरूप वह मौन को अपना हथियार बनाता है, किंतु यही मौन कई बार उसकी कमजोरी समझ लिया जाता है। यहाँ यह प्रश्न स्वाभाविक है कि गलती किसकी है? क्या संवेदनशील होना अपराध है? क्या रिश्तों में त्याग करना मूर्खता है? उत्तर स्पष्ट है—नहीं। गलती संवेदनशीलता में नहीं, बल्कि असंतुलन में है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब रिश्ते एकतरफा हो जाते हैं, जब देने वाला ही देता रह जाता है और पाने वाला केवल लेता रहता है।

इसी कारण रिश्तों की शुरूआत में ही संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। प्रेम, मित्रता या सहयोग—किसी भी संबंध में स्वयं को पूरी तरह खो देना विवेकपूर्ण नहीं है। दूसरे को प्रसन्न रखने के लिए अपनी सीमाओं को बार-बार तोड़ना अंतत: आत्मसम्मान को गहरी चोट पहुँचाता है। आत्ममूल्यांकन प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य है। हमें स्वयं से यह पूछना चाहिए कि क्या यह रिश्ता हमें मानसिक शांति दे रहा है या केवल थकान और पीड़ा? क्या हमारी बातों को सुना जा रहा है या केवल सहन किया जा रहा है? क्या हमारी भावनाओं का सम्मान है या केवल उनका उपयोग किया जा रहा है? यदि इन प्रश्नों के उत्तर नकारात्मक हैं, तो वहाँ रुक जाना ही सबसे बड़ी भूल है। ऐसे में स्वयं को दोषी ठहराने के बजाय खामोशी से दूरी बना लेना अधिक समझदारी भरा निर्णय होता है। दूरी हमेशा द्वेष का प्रतीक नहीं होती, कई बार यह आत्मरक्षा का सबसे सशक्त उपाय होती है। समाज को भी यह समझने की आवश्यकता है कि हर कहानी के दो पक्ष होते हैं। जो व्यक्ति सबसे अधिक बोलता है, वही हमेशा सत्य बोल रहा हो, यह आवश्यक नहीं। और जो मौन है, वह दोषी हो—यह भी अनिवार्य नहीं। आज का समय कहानी गढ़ने वालों और उसे प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने वालों का हो गया है, जहाँ सत्य से अधिक उसकी प्रस्तुति महत्त्वपूर्ण हो गई है। ऐसे दौर में आत्मसम्मान की रक्षा ही सबसे बड़ा धर्म है। यदि रिश्ते बोझ बन जाएँ, यदि उनमें भय, अपराधबोध और हीन भावना भर जाए, तो उन्हें निभाना कोई नैतिकता नहीं है। नैतिकता वहाँ है, जहाँ दोनों पक्ष एक-दूसरे के अस्तित्व और गरिमा को स्वीकार करें। अंतत: यही कहा जा सकता है कि रिश्ते तभी सुंदर और स्थायी होते हैं, जब वे बराबरी और सम्मान पर टिके हों। जहाँ प्रेम हो, वहाँ आदर भी हो। जहाँ अपनापन हो, वहाँ स्वतंत्रता भी हो। और जहाँ यह सब न हो, वहाँ दूरी कोई पराजय नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की विजय होती है।

# आखिर कब खत्म होगा मेरठ वालों का इंतजार, सब कुछ ऑल इज वैलङ्घतारीख पता नहीं


उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ** मेट्रो और नमो भारत ट्रेन पूरी तरह तैयार होने के बावजूद अब तक जनता के लिए शुरू नहीं हो सकी है। सात महीनों में 13000 से ज्यादा ट्रायल रन के बाद भी उद्घाटन की तारीख तय नहीं हो पाई ।बदलते शहर की धुरी पर मेरठ मेट्रो का संचालन जनता के लिए अबूझ पहेली बन गया है। वजह है सब कुछ ओके होने के बाद भी इस मेट्रो रेल परियोजना के संचालन के लिए तारीख का इंतजार। लंबे इंतजार की यह घड़ियां अब 35 लाख की आबादी वाले मेरठवासियों के माथे पर सिलवटें पैदा करने लगीं हैं। मेरठ मेट्रो का ट्रायल 22 जून 2025 को आरंभ हुआ था। ऐसे में मोटे तौर पर देखा जाए तो तब से अब तक सात महीने की अवधि में रोजाना हर 10 मिनट पर खाली कोच लेकर दौड़ने वाली मेरठ मेट्रो 13000 से ज्यादा फेरे लगा चुकी है। ऐसे में ट्रायल के नाम पर पैसा, परिश्रम और वक्त तीनों की फिजूलखर्ची की वजहों को लेकर अफसर निरुत्तर हैं।अरबों रुपये खर्च के बाद इस महात्वाकांक्षी परियोजना का आलम यह है कि स्टेशनों के टिकट विंडो पर धूल की परतें चढ़ने लगी हैं। एनसीआरटीसी के अफसरों का दावा है कि मेरठ साउथ स्टेशन से मोदीपुरम तक कॉरिडोर और सभी स्टेशनों पर काम पूरा हो गया है। इसके बाद नमो भारत और मेट्रो ट्रेदों के संचालन में क्या दिक्कतें हैं, इसे लेकर वह चुप्पी साध लेते हैं। सवाल उठता है कि अगर ट्रैक पूरी तरह तैयार है तो सात महीने से लगातार मेट्रो और नमो भारत का ट्रायल क्यों चल रहा है। किसी भी ट्रैक के सत्यापन के लिए कितने दिन तक ट्रेनों का ट्रायल किया जाना चाहिए, इसका भी जवाब देने के लिए अधिकारी तैयार नहीं हैं। मेरठ साउथ से दिल्ली के बीच चलाई गई नमो भारत ट्रेन के लिए महज कुछ दिनों में ही ट्रायल पूरा कर लिया गया था। बड़े पुलों, फ्लाईओवरों पर भी स्पीड ट्रायल कुछ घंटे या दिनों में पूरा कर लिया जाता है। ऐसे में मेरठ मेट्रो के इतने लंबे ट्रायल की वजहों को लेकर अफसर और जनप्रतिनिधि दोनों ही मौन हैं। इतना जरूर बताया जा रहा है कि मेट्रो कॉरिडोर की फाइल पीएमओ में है। तिथि निर्धारित होते ही संचालन शुरू करा दिया जाएगा। दिल्ली से मेरठ मोदीपुरम तक रैपिड का 82 किमी लंबा कॉरिडोर है। इसमें दिल्ली से मेरठ साउथ तक 55 किमी कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेन जनता को पहले ही सौंपी जा चुकी है। इसका लाभ मेरठ, गाजियाबाद के लोग ले रहे हैं। पिछले कई माह से मेरठ की जनता को मेरठ साउथ स्टेशन से मोदीपुरम तक 27 किमी कॉरिडोर पर 24 घंटे मेट्रो खाली दौड़ती नजर आ रही है। पहले हर 10 मिनट पर मेट्रो के फेरे ट्रायल के नाम पर लगते थे, अब पिछले चार दिन से ट्रैक पर हर पांच मिनट में मेट्रो और नमो भारत ट्रेनें फर्राटे भर रही हैं। ट्रेनों की गति को देखकर फिर से मेरठ की जनता को मेट्रो संचालन की उम्मीदें बढ़ी हैं। अफसरों का कहना है कि मेरठ के 27 किमी कॉरिडोर की टेक्निकल रिपोर्ट पीएमओ को दिसंबर से पहले ही भेजी जा चुकी है।

# बछगांव में हुआ जनसेवा, विकास और सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक स्वागत

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। आज ग्राम पंचायत बछगॉव के जाटव मौहल्ला में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का ऐतिहासिक एवं यादगार स्वागत किया गया। मौहल्ले की सरदारी व सम्मानित समाजजनों द्वारा उन्हें 101 मीटर का भव्य स्वाफा बांधकर, फूल-मालाओं से लादकर एवं श्री राधा-कृष्ण की दिव्य प्रतिमा भेंट कर अपार स्नेह और सम्मान प्रदान किया गया। आज का स्वागत केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि जनसेवा, विकास और सामाजिक समरसता की राजनीति पर जनता की मुहर को दर्शा रहा था जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वागत पाकर जनता को संबोधित किया कि बछगॉव सहित पूरे क्षेत्र के विकास, गरीब-मजदूर, किसान, युवा और हर समाज के सम्मान की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। इस ऐतिहासिक सम्मान समारोह ने बछगांव सहित पूरे मथुरा के विकास में एक नए युग का सूत्रपात किया है, जहां मथुरा के गांव अपनी प्रगति की कहानी स्वयं लिखेंगे।

इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत करने वालों में देवेंद्र प्रधान नैनूपट्टी, वेद प्रधान सींगा पट्टी, चंद्रपाल प्रधान मगोर्रा, गुड्डू बछगॉव, लक्ष्मण बछगॉव एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# मगोर्रा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर तैनात डॉक्टर का रिश्वत लेते हुये पीड़ित ने बनाया



हरवीर सिंह/वेलकम इंडिया

**मगोर्रा**। सूबे के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी जहाँ सुशासन की बात करते हैं और लगातार भृष्ट अधिकारीयों पर शिकंजा भी कसा जा रहा है। वहीं कुछ कर्मचारी है जो की अपनी आदतों से वाज नहीं आ रहे हैं, वह योगी शासन को पलीता लगा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मथुरा के मगोर्रा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पर देखने को मिला, जहां चिकित्सालय पर तैनात डॉक्टर संजय कुमार ने सोनवीर नामक मरीज से इलाज करने के एवज में पेंतालीस हजार रुपए की मांग की। पीड़ित के अनुसार वह पहले उस रिश्वत खोर डॉक्टर को पंद्रह हजार रुपए दे चुका है, शनिवार को फिर मरीज से डॉक्टर ने पांच हजार मांगे तो मरीज ने अपने मोबाईल से रिश्वत देतें हुये का वीडियो बना लिया। मरीज ने घटना की तहरीर थाना मगोर्रा में दी तो पुलिस तत्काल कार्यवाही के लिये अस्पताल पहुंची, मगर डॉक्टर पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग खड़ा हुआ।

# जैन चेतना फोरम ने किया आहार दान का आयोजन

**मेरठ** शनिवार को देवाधिदेव प्रथम तीर्थंकर जगद्गुरु श्री आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर जैन चेतना फोरम* द्वारा रेलवे रोड बर्फ खाने के सामने भोजन एवं मिष्ठान्न वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्षः पंकज जैन सर्राफ मंत्रीगण : देवेंद्र जैन एवं संजीव जैन पेट्रोल पंप वाले आलोक जैन स्पोर्ट्स सुदीप जैन जिनवाणी सुनील जैन शेयर वाले ईशान जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

सभी ने अपने हाथों से आहार दान देकर अत्यंत आनंद की अनुभूति की।

सभी ने आज के कार्यक्रम की बहुत बहुत अनुमोदना की।

# मानसी गंगा नाले में गिरी नीलगाय, गौरक्षकों ने स्थानीय लोगों की मदद से निकाला बाहर

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन**। मानसी गंगा नाले में गोवर्धन रजवाह के साइफन के पास एक नीलगाय गिर गई। टीम श्रेयस जतीपुरा के गौसेवकों एवं स्थानीय लोंगों ने बड़ी मशक्कत एवं प्रयास के बाद नीलगाय को बाहर निकालने में सफलता पाई। स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को फोन किया मगर किसी ने फोन तक उठाने की जहमत नहीं उठाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन रजवाह के साइफन के समीप मानसी गंगा नाला में एक नीलगाय गिर गई। मानसी गंगा नाला में गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिसके कारण उसमें कूड़े व मलवे की परत जमा हो गई है। आए दिन पशु उसमें भ्रमित होकर गिर जाते हैं जिससे स्थानीय किसानों की सरदर्दी बनी रहती है।

हालांकि नगर पंचायत ने नाले की सफाई का ठेका उठाया था मगर ठेकेदार द्वारा समय पर साफ नहीं किया गया। स्थानीय किसानों ने नीलगाय को निकालने की कोशिश की मगर सफलता हाथ नहीं लगी। ततपश्चात किसानों ने गौरक्षकों को फोन किया तो जतीपुरा से श्रेयस की टीम राम शर्मा, इशांत, सौरभ, लक्ष्मण, सीताराम ने स्थिति का जायजा लेकर स्थानीय लोगों की मदद से घण्टों की मशक्कत के बाद नीलगाय को नाले से बाहर निकाला। जिसमें बस्सो चौधरी, करतार सिंह, हरि सैनी, मानो चौधरी सहित अन्य किसानों ने नीलगाय को बाहर निकलवाया।

# मेरठ में हुआ श्री 1008 आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक का भव्य आयोजन



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ** शनिवार को श्री 1008 अभिनंदन नाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर वसुनंदी विहार बागपत रोड में *प्रथम तीर्थंकर श्री 1008 आदिनाथ भगवान* के मोक्षकल्याणक के पावन अवसर पर श्रद्धेय स्वीटी दीदी के निर्देशन में नित्य नियम पूजन प्रक्षाल शांतिधारा के पश्चात संगीतमय श्री भक्तांबर विधान का आयोजन बड़े ही भक्ति भाव पूर्वक किया गया। प्रथम अभिषेक व शांति धारा करने का सौभाग्य नितेश जैन (परिवार) को प्राप्त हुआ। आदिनाथ भगवान को प्रथम लड्डू अर्पण करने का सौभाग्य अनिल जैन परिवार को प्राप्त हुआ। उपस्थित जन समूह ने भक्तांबर विधान में भक्तिभाव पूर्वक अष्टद्रव्यों से पूजन किया। कार्यक्रम उपरांत8 प्रमिला जैन (जैनम) परिवार की ओर से वात्सल्य भोज की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी संजीव जैन नीरज जैन नितेश जैन राजीव अनिल संयम आनंद संजीव भव्य विकास प्रमिला संगीता इंदु हर्षिता भूमि कविता मोनिका आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारीयों को तहसील दिवस में आने वाले आम-जनमानस/शिकायतकताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कडे.निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए। उप जिलाधिकारी/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने अवगत कराया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सदर में कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया कि मांट तहसील में 34 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी ने बताया कि गोवर्धन तहसील में 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी महावन कंचन ने अवगत कराया है कि तहसील दिवस में 18 शिकायतें प्राप्त हुई है तथा 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया कि छाता तहसील में 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

# सनातन संस्कृति की एकता का संगम है मकर संक्रांतिः जय शिवसेना उत्तर प्रदेश ने मीरापुर में मनाया भव्य समारोह

वेलकम इंडिया

**मीरापुर (प्रयागराज)**। जय शिवसेना उत्तर प्रदेश द्वारा हर्षवर्धन नगर, मीरापुर में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक भी संपन्न हुई। कार्यक्रम में जय शिवसेना उत्तर प्रदेश के संरक्षक दिनेश सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति सनातन संस्कृति की एकता का संगम है तथा यह पर्व सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, किंतु इसके पीछे भावना एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक समन्वय की ही होती है ।इस अवसर पर जानकारी दी गई कि 15 फरवरी को जय शिवसेना उत्तर प्रदेश द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर दिन के दशहरे के रूप में भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान धर्मगुरु त्रिशूल भगवान के दर्शन के साथ अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे पार्टी महामंत्री राजेश केसरवानी ने बताया कि मकर संक्रांति समारोह में पारंपरिक व्यंजनों का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें दाल-बाटी, खिचड़ी, रेवड़ी, तिलकुट एवं सामूहिक भोज शामिल रहा।

समारोह में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल और भव्य रहा।

# इस्लामाबाद में अवैध पशु पालन बना जनता के लिए नासूर, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल।

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ** के इस्लामाबाद दक्षिण तला फैक्टरी के पास स्थित रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से भैंसों को पाले जाने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। पूरे इस्लामाबाद क्षेत्र में बिना किसी अनुमति के चल रहे इस अवैध पशु पालन ने स्थानीय लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पशु पालकों द्वारा भैंसों का गोबर और गंदा पानी सीधे नालियों में बहा दिया जाता है। इसका नतीजा यह है कि क्षेत्र की नालियां आए दिन चौक हो जाती हैं। बरसात या सामान्य जल निकासी के समय नालियों का गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है और कई घरों में घुस जाता है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दुर्गंध और गंदगी के कारण रहना मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों में संक्रमण का डर बना रहता है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस समस्या को लेकर नगर निगम और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। न तो अवैध पशु पालन पर रोक लगी और न ही नालियों की नियमित सफाई की व्यवस्था की गई। प्रशासन की यह उदासीनता कई सवाल खड़े करती है। क्या अवैध पशु पालन को किसी का संरक्षण प्राप्त है? क्या जनता की परेशानी से प्रशासन का कोई सरोकार नहीं है? नियमों के खुलेआम उल्लंघन के बावजूद कार्रवाई न होना संदेह पैदा करता है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध पशु पालन पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक चुप्पी साधे रहता है और जनता को इस गंदगी और बीमारी के खतरे से कब राहत मिलती है।

# डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री के सानिध्य में पाँचवें दिन भी शिवभक्ति का महासंगम

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज** माघ मेला 2026 के अंतर्गत संगम तट पर चल रहे दिव्य आध्यात्मिक आयोजन के पाँचवें दिन भी आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली। पूज्य गुरुदेव पं. देवप्रभाकर शास्त्री ह्लदद्दा जीह्व की पुण्य स्मृति में, डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री जी के पावन सानिध्य एवं निर्देशन में आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक में हजारों श्रद्धालुओं, संतों एवं कल्पवासियों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पाँचवें दिन प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मिट्टी के शिवलिंग का निर्माण कर जल, दूध, पंचामृत, बेलपत्र एवं धतूरा अर्पित करते हुए भगवान शिव की आराधना की। वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्राष्टक पाठ एवं ह्लहर-हर महादेवह्व के जयघोष से संपूर्ण मेला क्षेत्र पूर्णतः शिवमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। इस अवसर पर डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री जी ने कहा कि पाँच दिनों से निरंतर चल रहा पार्थिव शिवलिंग निर्माण मानव को शिव तत्व, प्रकृति और धर्म से जोड़ने का पावन माध्यम है। श्रीमद् भागवत कथा के साथ यह आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और संस्कारों को सुदृढ़ कर रहा है ।पाँचवें दिन भी श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा का भाव-विभोर होकर श्रवण किया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का रसपूर्ण वर्णन किया गया। कथा उपरांत विशाल प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मीडिया प्रभारी श्री शनि केसरी ने बताया कि यह भव्य आध्यात्मिक आयोजन 13 जनवरी से 19 जनवरी 2026 तक निरंतर चलेगा। प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक, श्रीमद् भागवत कथा एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। देश-विदेश से आए श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं कल्पवासी बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं। पाँचवें दिन भी आयोजन स्थल पर अनुशासन, शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# लखनऊ के मंच से बच्चों के उज्वल भविष्य की अलख, अब वाराणसी में होगा पुनः विशेष कैलेंडर लॉन्च

वेलकम इंडिया



**लखनऊ**। मल्लिका-ए-अवध ऑगेर्नाइजेशन एवं गर्व फाउंडेशन द्वारा लखनऊ में आयोजित सेलिब्रिटी टॉक शो एवं प्लास्टिक फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत सेलिब्रिटी मिसेज एशिया 2022 की विजेता एवं वाराणसी की गौरवशाली बेटी विजयता सच्चदेवा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बना दिया। यह आयोजन सौंदर्य, सम्मान और सामाजिक सरोकारों का सशक्त संगम बनकर उभरा। लखनऊ में बच्चों के कैलेंडर का भव्य शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा द्वारा चयनित संस्था के बच्चों का कैलेंडर लॉन्च किया गया। टी.टी.एफ फाउंडेशन के 12 बच्चों को मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा द्वारा चयनित कर उनके विशेष कैलेंडर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस कैलेंडर में बच्चों की प्रतिभा, सपनों, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को प्रमुखता से दशार्या गया है। यह पहल बच्चों को समाज में नई पहचान देने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय प्रयास मानी जा रही है। अब वाराणसी में होगा पुनः विशेष कैलेंडर शुभारंभ का सामाजिक आयोजन इसी क्रम में सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा अब वाराणसी में टी.टी.एफ फाउंडेशन के बच्चों का पुनः विशेष कैलेंडर लॉन्च करने जा रही हैं।

# सड़क हादसे में मृतक सिपाही के शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी सिपाही हर्षित मलिक की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद शव पीएम होने के बाद गांव में पहुंचा। शव के गांव में पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक सिपाही को गार्ड ऑफ ऑनर देने के साथ ही गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी रामकुमार का पुत्र हर्षित मलिक उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात था, जिसकी पोस्टिंग जिला इटावा के बसरेहर थाने की पीआरबी 1623 पर चल रही थी। शुक्रवार को सिपाही हर्षित मलिक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सरकारी कार्य से डायल 112 कार्यालय इटावा जा रहा था। भरथना चौराहे से हाईवे पर चढ़कर आईटीआई की ओर आने के दौरान कोकपुरा के पास औरैया की तरफ से पार्सल ट्रक स्लीपर बस को ओवरटेक करने में बेकाबू हो गया और उसने सिपाही हर्षित मलिक की बाइक को टक्कर मार दी थी, जबकि एक अन्य बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। सिपाही की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। सिपाही की मौत की सूचना से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई थी, साथ ही सिपाही के परिजनों में कोहराम मच गया था। आरोप है कि पार्सल ट्रक चालक ने शराब का सेवन कर रखा था। पुलिस ने चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मृतक सिपाही के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। शनिवार को मृतक सिपाही का शव पीएम होने के बाद गांव में पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक सिपाही के शव को अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट ले जाया गया, जहां पर पुलिस ने मृतक सिपाही को गार्ड ऑफ ऑनर दिया और मृतक के भाई आदित्य ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# अंधविश्वास की बलि चढ़ा दोस्त, दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**गाजियाबाद।** आधुनिक युग में विज्ञान और शिक्षा के विस्तार के बावजूद अंधविश्वास आज भी लोगों की सोच पर हावी है। इसी अंधविश्वास का भयावह रूप ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में सामने आया, जहां ईश्वर से मिलने और रातोंरात अमीर बनने के लालच में दोस्तों ने अपने ही साथी की बेरहमी से हत्या कर दी। ट्रोनिका सिटी थाने के एसएचओ मनोज कुमार की टीम ने एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में 13 जनवरी को सिग्नेचर सिटी चौकी क्षेत्र में हुए इस ब्लाइंड मर्डर का महज तीन दिन में खुलासा कर सनसनीखेज सच सामने ला दिया। पुलिस के अनुसार जिस युवक की जली हुई लाश ऑटो में रखकर बरामद की गई थी, उसकी पहचान मिलक अंकुर विहार निवासी नवीन उर्फ नन्दू के रूप में हुई। शिनाख्त के बाद पुलिस ने वैज्ञानिक और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया और हत्या में शामिल दो आरोपियों सागर और पवन को गिरफ्तार कर लिया।

# रमहाविद्यालय में युवा सप्ताह का समापन समारोह संपन्न

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ह्युवा सप्ताहह्न का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर आधारित प्रतियोगिता एवं प्रबोधन सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मेरे सपनों का भारतः स्वामी विवेकानंद की दृष्टि मेंह्न विषय पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से की गई, जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मक कला के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के सपनों के समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की प्रभावशाली झलक प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जुवेरिया पुत्री नसीम अहमद) बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान प्रिंसी, पुत्री प्रमोद बी.एससी. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान नवाब पुत्री जनपद नवाब बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बृजभूषण का प्रेरणादायी उद्बोधन रहा। उन्होंने ह्यस्वामी विवेकानंद युवाओं को सलाह विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को राष्ट्र की आधारशिला मानते थे। उन्होंने छात्राओं से एकाग्रता, आत्मविश्वास और निर्भयता को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यही गुण सफलता की कुंजी हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. बृजेश कुमार राठी, डॉ. अमित सिंह सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ररंजिश में पड़ोसन पर ईंट मारकर घायल करने का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी महिला ने रंजिश के चलते एक महिला पर ईंट मारकर गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी उषा पत्नी राजवीर ने बताया कि वह शनिवार की सुबह अपने घर पर घरेलू कामकाज करते हुए रोटी बना रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली एक महिला रंजिश को लेकर अचानक पीछे से आ गई और पीड़िता के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपी महिला ने ईंट उठाकर उषा की कमर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिरकर घायल हो गई। आरोप है पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। लोगों ने किसी तरह आरोपी महिला को वहां से हटाया और पीड़िता को बचाया। घायल अवस्था में महिला को थाने पहुंची, जहां उसने आरोपी महिला के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद कार्रवाई करते का आश्वासन दिया है।

# टाटा पावर सोलर ने वाराणसी में एक किलोवाट सोलर सिस्टम का किया शुभारंभ

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसीः-** टाटा पावर सोलर के एक किलोवाट सोलर पावर जनरेशन (एसपीजी )सिस्टम का शुभारंभ 17 जनवरी शनिवार को वाराणसी में कैंटोनमेन्ट क्षेत्र स्थित एक होटल में एक विशेष कार्यक्रम के माध्यम से किया गया` इस कार्यक्रम का आयोजन टाटा पावर सोलर के अधिकृत चैनल पार्टनर हाईटेक इलेक्ट्रो पावर के डायरेक्टर अनल सिंह के द्वारा किया गयो कार्यक्रम के आयोजक अनल सिंह ने उपस्थित ग्राहकों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीवाई) के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार इस योजना के माध्यम से ग्राहक सरकारी सब्सिडी का लाभ उठाकर सोलर सिस्टम को और अधिक किफायती बना सकते हैं उन्होंने कहा कि यह योजना आम नागरिकों को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है` इस अवसर पर यूपी रीजनल हेड शिवलाल यादव एवं यूपी मार्केटिंग हेड हिमांशु राय की गरिमामयी उपस्थिति रही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ऐसे ग्राहक आमंत्रित किए गए जिन्हें वास्तव में एक किलोवाट एसपीजी सोलर सिस्टम की आवश्यकता है और जो अपने घरों एवं छोटे प्रतिष्ठानों के लिए ऊर्जा बचत का समाधान तलाश रहे हैं` अपने संबोधन में टाटा पावर के यूपी रिजनल हेड शिवलाल यादव ने एक किलोवाट सोलर सिस्टम की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सिस्टम कम निवेश में बिजली बिल में उल्लेखनीय बचत करता है और स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने का एक प्रभावी माध्यम है उन्होंने ग्राहकों से अपील की कि वे इस सिस्टम का उपयोग कर ऊर्जा संरक्षण में योगदान दें` वहीं हिमांशु राय ने बताया कि यह सिस्टम टाटा पावर सोलर की उस रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत सौर ऊर्जा को आम उपभोक्ताओं तक सरत और किफायती रूप में पहुंचाया जा रहा है यह सिस्टम सीमित स्थान में भी आसानी से इंस्टॉल किया जा सकता है और पहली बार सोलर अपनाने वाले उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त है कार्यक्रम में मौजूद ग्राहकों ने इस पहल की सराहना की और सोलर सिस्टम को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई` यह आयोजन वाराणसी एवं आसपास के क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ

# सलेमपुर रोड पर ट्यूबवेलों से लाखों की चोरी, मुकदमा दज

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के सलेमपुर रोड पर चोरों ने आधा दर्जन से अधिक किसानों की ट्यूबवेलों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये कीमत के उपकरण चोरी कर लिए। घटना के बाद पीड़ित किसानों में आक्रोश है।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी किसान शाहरुख, अजय, यामीन, कलीम, मेहरबान, इस्लाम, शरीफ और साधु के खेत सलेमपुर रोड पर स्थित हैं। गुरुवार की शाम किसान अपने-अपने खेतों पर काम निपटाकर घर लौट गए थे। रात के समय अज्ञात चोरों ने इसका फायदा उठाते हुए खेतों में धावा बोल दिया और ट्यूबवेलों से मोटर, केबिल, स्टार्टर सहित अन्य कीमती उपकरण चोरी कर लिए। किसान शुक्रवार की सुबह खेतों पर पहुंचने पर किसानों को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित किसानों के अनुसार चोरी गए उपकरणों की कीमत लाखों रुपये है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

पीड़ित किसान शाहरुख जंग पुत्र साजिद जंग की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और शीघ्र ही चोरों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजा जाएगा।

# जन्नत कॉलोनी विवाद में दो युवक हिरासत में, शांति भंग में चालान

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी एक युवक की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में चालान किया है ।जन्नत कॉलोनी निवासी जाबिर ने दो दिन पूर्व थाने में तहरीर देकर बताया था कि कुछ दिन पहले रंजिश के चलते कॉलोनी के ही कुछ लोगों के साथ उसकी मारपीट हो गई थी। इसी घटना के बाद से आरोपी पीड़ित और उसके परिवार से रंजिश रखे हुए थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि रंजिश के चलते आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल किया ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच करते हुए आरोपी दानिश और अनस को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया ।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि नगर व क्षेत्र में किसी भी सूरत में शांति भंग नहीं होने दी जाएगी। कानून अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इनरव्हील क्लब वाराणसी ग्रेटर द्वारा आयोजित वूमेन स्पोर्ट्स डे 'क्वींस ऑफ द कोर्ट' का आयोजन नए अंदाज में संपन्न

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** इनरव्हील क्लब वाराणसी ग्रेटर द्वारा 'इनरव्हील डे' को सेलिब्रेट करने के लिए वूमेन स्पोर्ट्स डे का आयोजन 'क्वींस ऑफ दि कोर्ट' 17 जनवरी शनिवार को कैंटोनमेंट स्थित पीएनयू क्लब में अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीलू मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में नए अंदाज में संपन्न हुओ सर्वप्रथम आए हुए सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने कियो सदस्यों की पांच टीम बनाई गई थी जिसमें ब्लू कलर की टीम की लीडर बिंदु अग्रवाल, ग्रीन कलर की टीम की लीडर डॉ काशिका श्रीवास्तव, ऑरेंज कलर की टीम की लीडर प्रीति अग्रवाल, पीले कलर की टीम की लीडर भावना कालरा, लाल कलर की टीम की लीडर संजना रुपानी थी प्रतियोगिता का शुभारंभ शांति के प्रतीक सफेद कबूतर को एवं सफेद गुब्बारों को उड़ाकर किया गया` मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीलू मिश्रा ने अपने उद्बोधन में सदस्यों को अपने अनुभवों से अवगत कराया राष्ट्र के प्रति प्रेम को उजागर करने को कहा, खेल के प्रति अपनी रुचि जागृत करने को कहा प्रतियोगिता में चम्मच नींबू रेस, जलेबी रेस, हर्डल गेम, रिले रेस, ज्वाइंट लेग रेस, रिंग द कोन, टारगेट थ्रो एवं टाई ब्रेकर गेम आयोजित किए गए प्रतियोगिता में येलो टीम को गोल्ड मिला, सिल्वर मेडल ब्लू टीम को मिला` कांस्य पदक ऑरेंज कलर की टीम को मिला `प्रतियोगिता का संचालन शिवा सेलेट एवं ज्योति अग्रवाल ने किया, धन्यवाद प्रकाश सचिव रुपाली अग्रवाल ने किया।

# कांग्रेस पार्टी ने अधिवक्ताओं की गाड़ियों को टोल टैक्स मुक्त घोषित करने की उठाई मांग

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** आयें दिन टोल प्लाजा पर टोल प्लाजा कर्मियों के रूप में रक्खे गये अपराधी किस्म के बाउंसरो से अधिवक्ताओं के साथ मारपीट गाली गलौज की अभद्रता को लेकर कांग्रेस पार्टी गम्भीरता से लिया है कांग्रेस पार्टी विधि विभाग के अधिवक्तागण जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी के जिला उपाध्यक्ष व शिवपुर विधानसभा प्रभारी अशोक कुमार सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में एनएन एचआई चेयरमैन व जिलाधिकारी वाराणसी को संबोधित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को ज्ञापन सौंपा गयो ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व नेताओं ने कहा कि टोल प्लाजा के कर्मचारी व बाउंसर हमेशा गुंडे जैसे बर्ताव किया करते हैं और यदि फास्टैग काम नहीं करता है तो जबरदस्ती डबल रुपए वसूलते हैं जिससे अधिवक्ता समाज अपने को असहज महसूस करता है जो अधिवक्ताओं के गरिमा के विरुद्ध है कांग्रेस पार्टी के नेता व शिवपुर विधानसभा प्रभारी अशोक कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ता समाज अपने भारत को आजाद कराने से लेकर आज नव भारत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है और आगे भी निभाते रहेंगे अधिवक्ता समाज कि गरिमा व देश के उत्थान में अधिवक्ता समाज का अमूल्य योगदान को देखते हुए भारत देश के सभी टोल प्लाजा पर अधिवक्ताओं की गाड़ियों को टोल टैक्स मुक्त घोषित किया जाए अन्यथा टोल टैक्स को लेकर कांग्रेस पार्टी विधि विभाग व कांग्रेस पार्टी के नेतागण अधिवक्ता गण के लिए टोल टैक्स मुक्त के लिए धरना व प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे ज्ञापन देने में जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी के जिला उपाध्यक्ष व प्रभारी शिवपुर विधानसभा अशोक कुमार सिंह एडवोकेट, कांग्रेस विधि विभाग जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार सिंह एड, विरेन्द्र कुमार पण्डित एंड, मनोज पाण्डेय, अशोक कुमार, लालबहादुर, आदर्श कुमार एड सहित इत्यादि अधिवक्तागण उपस्थित रहे

# उप जिलाधिकारी इला प्रकाश ने बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण



वेलकम इंडियाराजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़** उप जिलाधिकारी इला प्रकाश द्वारा समस्त बी0एल0ओ0 (बूथ लेवल ऑफिसर) एवं सुपरवाइजरों को विशेष गहन (प्रगाढ़) पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।प्रशिक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी इला प्रकाश ने विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं उसकी महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाए रखने के लिए बीएलओ व सुपरवाइजरों को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ।इस अवसर पर उन्होंने घर-घर सत्यापन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा सभी अभिलेखों के सही संधारण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए कार्य किया जाए, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ हो सके ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों ने दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का संकल्प लिया।

# स्वच्छता के लिए एकजुट हुए स्ट्रीट वेंडर्स, कमिश्नरी सभागार में हुआ स्वच्छमेव जयते संकल्प कार्यक्रम

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** राष्ट्रीय फेरी पटरी ठेला व्यवसायी महासंघ द्वारा 17 जनवरी शनिवार को कचहरी स्थित कमिश्नरी सभागार में ह्लस्वच्छमेव जयतेह्व का किया गया आयोजन` कार्यक्रम में वाराणसी सहित विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों स्ट्रीट वेंडर्स प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया और स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने, सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाने तथा ग्राहकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित सेवाएं प्रदान करने का सामूहिक संकल्प लियो मुख्य वक्ता नाथ सांप्रदाय के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/तिजारा विधानसभा राजस्थान विधायक महंत बालक नाथ योगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 10000 से लेकर 50000 तक के ऋण की व्यवस्था कर उन्हें व्यापारी श्रेणी में खड़ा करके स्ट्रीट वेंडर्स का सम्मान बढ़ायो इसके साथ ही स्ट्रीट वेंडर्स के लिए क्रेडिट कार्ड सुविधा भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है` क्रेडिट कार्ड के माध्यम से वेंडर्स को बार-बार ऋण आवेदन करने की आवश्यकता नहीं पड़ती और वे आवश्यकता अनुसार राशि का उपयोग कर सकते हैं इससे उनका व्यवसाय अधिक लचीला और स्थिर बनता है` डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलने से वेंडर्स की लेन-देन प्रणाली भी पारदर्शी हो रही है राष्ट्रीय फेरी पटरी ठेला व्यवसायी महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना और क्रेडिट कार्ड सुविधा से स्ट्रीट वेंडर्स को साहूकारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता जिससे शोषण की संभावनाएं कम होती हैं साथ ही बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने के कारण वेंडर्स की आर्थिक पहचान मजबूत होती है` स्ट्रीट वेंडर्स शहरी अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर सफल बनाने में उनकी सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

# रएलम में कुत्ते-बिल्ली के हमले, मासूम समेत चार घायल

वेलकम इंडिया

**कांधला.** संवादाता मोहसिन रहमानी क्षेत्र के कस्बा एलम में शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर कुत्ता और बिल्ली के हमले से चार नागरिक घायल हो गए। सभी घायलों को परिजनों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए ।शनिवार को गली में तीन वर्षीय मासूम बच्चा मंजीत खेल रहा था जो अचानक आवारा कुत्ते के हमले का शिकार हो गया। कुत्ते ने बच्चे को काट लिया, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है ।वहीं, घर में साफ-सफाई कर रही नर्गिस का बिल्ली का पैर दब जाने से बिल्ली ने उसे काट लिया, जिससे वह घायल हो गई। इसी तरह वासु को अपने घेर में मौजूद बिल्ली ने काट लिया। इसके अलावा खेत जाते समय कय्यूम पर कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गया ।चारों घायलों का अस्पताल में उपचार किया गया है और एहतियात के तौर पर सभी को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए हैं। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# रामपुर में भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** नगर के ऐतिहासिक 1008 पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आदिम तीर्थंकर, जगत-वंदनीय श्री 1008 आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव अत्यंत भव्य, दिव्य और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे मंदिर परिसर में आस्था, भक्ति और उल्लास की अद्भुत छटा देखने को मिली। पावन अवसर पर प्रातःकाल भगवान श्रीजी का विधिवत अभिषेक किया गया। इसके पश्चात शांतिधारा का पुण्य लाभ जैन संजय जैन एवं प्रमोद जैन द्वारा लिया गया। श्रद्धा और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुई पूजन में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं।

पूजन उपरांत प्रभु को प्रथम निर्वाण लड्डू का अर्पण के सी जैन एवं शिखर जैन तथा अंजू जैन एवं सुरभि जैन आनन्द परिवार द्वारा किया गया। इसके बाद चौबीस तीर्थंकर भगवानों की दीप आराधना का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित धर्मप्रेमी श्रावकों को दीप अर्पण कर पुण्य अर्जन का अवसर प्राप्त हुआ। इस अलौकिक एवं पुण्यप्रद अवसर पर विशाल जैन, दिनेश खण्डेलवाल, रजत, संजय, अमन, अजय, समर्पण, वैभव, मनोज, निर्भय, प्रदीप, सरिता, रेखा, रुचि, कंचन, अनीता, वर्षा सहित अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया और अपने जीवन को जिन भक्ति से आलोकित किया। चौबीस भगवानों की दीप आराधना का पुण्यार्जक परिवार प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट एवं अंजू जैन रहे।

वहीं भगवान आदिनाथ के लड्डू के पुण्यार्जक परिवार कस्तूरचंद जैन, शोभा जैन, शोभित जैन, शिल्पी जैन, शिखर जैन एवं पायल जैन रहे। इस अवसर पर सभी पुजारियों को आनन्द परिवार द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर जैन धर्मशाला के बाहर श्रद्धालुओं के लिए हलवे का वितरण किया गया, जिसमें प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट, दिनेश जैन खण्डेलवाल, विशाल जैन, समर्पण जैन एवं अंशू जैन का विशेष सहयोग रहा। मोक्ष कल्याणक महोत्सव का यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और समर्पण का जीवंत उदाहरण बना, जिसने पूरे नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

# संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 25 शिकायतें दर्ज की गयीं

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर तहसील नजीबाबाद के नव निर्मित स्थित कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित डीएम जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निदेशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। जिलाधिकारी श्रीमती कौर तहसील नजीबाबाद के नव निर्मित स्थित कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 25 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# एल आई सी के विकास अधिकारी द्वारा किया गया अभिकर्ता संगोष्ठी का आयोजन



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नजीबाबाद।** भारतीय जीवन बीमा निगम की नजीबाबाद शाखा के विकास अधिकारी भोले सिंह ने अपने अभिकताओं की सभा का आयोजन किया जिसमें सभी अभिकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अवगत कराना है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की नजीबाबाद शाखा के विकास अधिकारी द्वारा शनिवार सुबह लगभग 10 बजे अपने अभिकताओं का टीकाकरण कर एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई एल आई सी के क्षेत्र में काम करता है तो अच्छी आय के साथ-साथ सामाजिक सम्मान में भी वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में काम करने से सरकारी नौकरी के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने अपने अभिकताओं के कार्य को कुशल बनाने के तरीकों के बारे में बताया एवं अच्छा कार्य करने वाले अभिकताओं को सम्मानित किया। इसी के साथ-साथ एल आई सी की प्रसिद्ध पॉलिसियों के बारे में बताया एवं प्रचलित प्लान के फायदे बताए। सभा का समापन लगभग 3 बजे मध्या भोजन के उपरांत किया गया। सभा के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम नजीबाबाद शाखा के शाखा प्रबंधक ऋषभ कपूर एवं उनके सहयोगी सहायक शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार रहे। इस अवसर पर अभिकर्ता अजीत सिंह, केशव, शेर खान, गंगाराम, सलीम अहमद, कल्लू सिंह, आदित्य अग्रवाल, राम अवतार, संजय, इतिक्षा, स्वाति, दिव्या, सपना, सीमा आदि सहित लगभग 100 अभिकर्ता शामिल रहे।

# पं. तिलकराज शर्मा स्मृति न्यास का सम्मान समारोह सम्पन्न

**डॉ. शंभु पंवार**



**नई दिल्ली, 17 जनवरी।** पंडित तिलकराज शर्मा स्मृति न्यास, संयुक्त राज्य अमेरिका के तत्वावधान में मंडी हाउस स्थित रवीन्द्र भवन परिसर में साहित्य अकादमी सभागार में सम्मान समारोह एवं पुस्तक लोकार्पण2026 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रतिष्ठित उद्यमी एवं वरिष्ठ साहित्यकार बी.एल. गौड़ ने की एवं मुख्य अतिथि उत्तराखंड के रुप में पूर्व मुख्यमंत्री, भारत सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक रहे। विशिष्ट अतिथियों में भोपाल विश्व रंग के संस्थापक संतोष चौबे, न्यास के अध्यक्ष एवं समाजसेवी इंद्रजीत शर्मा तथा इंडोनेशिया के: ख्यातिप्राप्त साहित्यकार रसाचार्य ई. मादे धर्मयश उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सधे हुए शब्दों में संचालन शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. विवेक गौतम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. तिलकराज शर्मा के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक पद्मभूषण राम बहादुर राय को न्यास के सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें माल्यार्पण, शाल, प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिन्ह एवं ?1,01,000/- की सम्मान राशि प्रदान की गई। साथ ही मंचासीन अन्य विशिष्ट अतिथियों का भी सम्मान किया गया। स्वागत उद्बोधन में न्यास अध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा ने देश-विदेश में न्यास द्वारा संचालित साहित्यिक: एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी साझा की। अध्यक्षीय उद्बोधन में बी.एल.: गौड़ ने डॉ. विवेक गौतम के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए संतोष चौबे को अपनी दो कृतियाँ भेंट कीं। संतोष चौबे ने राम बहादुर राय के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त करते हुए अपने जीवनानुभव साझा किए तथा मौलिक गजल-पाठ से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। रसाचार्य ई. मादे धर्मयश ने भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं अगली पीढ़ी तक संस्कारों के हस्तांतरण पर बल दिया। सम्मान ग्रहण करते हुए राम बहादुर राय ने न्यास के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्य अतिथि डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि ऐसे आयोजन हमें इतिहास, पत्रकारिता और मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आपातकाल के दौरान राम बहादुर राय के संघर्ष, निर्भीकता और सत्यनिष्ठ पत्रकारिता की सराहना की। अध्यक्षीय वक्तव्य में बी.एल. गौड़ ने राम बहादुर राय से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए उनकी 46 वर्षों की पत्रकारिता यात्रा को प्रेरणास्पद बताया तथा काव्य-पाठ के साथ अपने उद्बोधन को विराम दिया।

# आगरा में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए निरीक्षण



**आगरा संवादाता मयूर खान**

आगरा में पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात हिमांशु गौरव और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीगणो ने खेरिया मोड़ आरओबी, 12 खंबा फाटक, डबल फाटक और अन्य रेलवे फाटकों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम और सुरक्षित बनाना था, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने रेलवे फाटकों पर यातायात की स्थिति का गहन अवलोकन किया और आवश्यक सुधार के लिए विस्तृत निर्देश दिए।

# आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद स्थित आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हाजी गफ्फार साहब ने की तथा संचालन उबैद नजीबाबादी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद लगातार सड़क से लेकर संसद तक सर्वसमाज के मुद्दों को मजबूती से उठा रहे हैं। वक्ताओं ने सभी समाज के लोगों से एकजुट होकर 2027 के विधानसभा चुनाव में उनके हाथों को मजबूत करने की अपील की।

इस अवसर पर मुफ़्ती नफीस साहब ने कहा कि खुर्शीद मंसूरी लगातार पार्टी के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यदि पार्टी उन्हें टिकट देती है तो जनता ने उन्हें विधायक बनाने का मन बना लिया है। बैठक में हाशिम, हारून, मारूफ हुसैन, इरशाद अनस, अबरार, अफजाल सहित ग्राम लाठीपुरा, जहानाबाद, दाफरपुर, मीरापुर, हुसैनपुर, बोरकी, कमालपुर आदि गांवों से आए सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर अपना समर्थन व्यक्त किया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** शनिवार को सेमरियावा ब्लाक सभागार में तीन दिवसीय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण के तहत पोषण भी पढ़ाई भी विषय की जानकारी दी गई। सेमरियावा ब्लाक सभागार में शनिवार को तीन दिवसीय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण के तहत पोषण भी पढ़ाई भी विषय की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक मेहदावल की सीडीपीओ गरिमा ने कहा कि भारत सरकार का एक कार्यक्रम है जो आंगनवाड़ियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है, जिसमें उन्हें पर्याप्त पोषण के साथ-साथ खेल-खेल में प्रारंभिक शिक्षा (एउउए) भी दी जाती है, ताकि वे कुपोषण मुक्त हों और स्कूल के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि 7 संतुलित आहार का मतलब है कि आपके भोजन में सात मुख्य पोषक तत्व सही मात्रा में हों: कार्बोहाईड्रेट, प्रोटीन, वसा (फैट), विटामिन, खनिज (मिनरल्स), फाइबर और पानी, जो शरीर को ऊर्जा, विकास और सभी कार्यों के लिए जरूरी होते हैं, और यह विभिन्न खाद्य पदार्थों जैसे अनाज, दाल, फल, सब्जियां, दूध और स्वस्थ वसा से प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर रोशनी, बाल सुधा, अंजनी, अर्चना, मीनाक्षी, पूनम देवी आदि मौजूद रहे।

# दो फैक्ट्रियों से एक टन पॉलीथिन बरामद, एक लाख 65 हजार जुमार्ना वसूला



**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** नगर निगम के प्रवर्तन दल व स्वास्थय विभाग ने नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज सड़क दूधली क्षेत्र में दो पॉलीथिन फैक्ट्रियों पर छापा मारकर करीब एक टन प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद किया और एक लाख 65 हजार जुमार्ना वसूल किया। नगर निगम के स्वास्थय विभाग को सूचना मिली थी कि सड़क दूधली क्षेत्र में चल रही दो पॉलीथिन फैक्ट्रियों में प्रतिबंधित पॉलीथिन बनायी जा रही है। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने स्वास्थय विभाग व प्रवर्तन दल की टीम के साथ सड़क दूधली क्षेत्र में उक्त दोनों फैक्ट्रियों पर छापा मारा। छापे के दौरान फैक्ट्रियों में खुले स्थान पर व बोरों में रखी प्रतिबंधित पॉलीथिन पायी गयी। जिसे जब्त कर ट्रक व ट्राली में भरकर नगर निगम लाया गया। ये दोनों फैक्ट्रियां देहरादून रोड से जा रहे एक राजबाहे के किनारे स्थित है। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग ने बताया कि दोनो फैक्ट्रियों से करीब एक टन प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर दोनों फैक्ट्रियों से एक लाख 65 हजार जुमार्ना वसूला गया है। कार्रवाई के दौरान उक्त अधिकारियों के अलावा सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरि प्रकाश कसाना, सफाई निरीक्षक अमित तोमर, आशीष, सुधाकर, मनोज कुमार, ज्योति व सोमकुमार के अलावा प्रवर्तन दल के जवान शामिल रहे।

# श्रीनाभापीठ सुदामा कुटी के ग्यारह दिवसीय शताब्दी महोत्सव में सम्मानित हुए यूपी रत्न डॉ. गोपाल चतुवेदी

**वेलकम इंडिया**

**वृन्दावन।** कुंभ मेला क्षेत्र में चल रहे श्रीनाभापीठ सुदामा कुटी के ग्यारह दिवसीय शताब्दी महोत्सव एवं श्रीरामानंद संप्रदाय के प्रवर्तक जगद्गुरू स्वामी रामानंदाचार्य महाराज के 726 वें जयंती महोत्सव में ब्रज साहित्य सेवा मंडल के अध्यक्ष श्यूपी रत्नश डॉ. गोपाल चतुर्वेदी को उनके द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए उत्कृष्ट आध्यात्मिक लेखन के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान श्रीनाभापीठ सुदामा कुटी के अध्यक्ष श्रीमज्जगदगुरू स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट करके दिया। ज्ञात हो कि यह महोत्सव विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ चल रहा है। जिसका शुभारंभ 10 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर-संघचालक डॉक्टर मोहन भागवत एवं कई प्रख्यात संतो के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ था। इस महोत्सव में समूचे देश के विभिन्न प्रांतों से तमाम प्रख्यात संत और असंख्य भक्त-श्रद्धालु आए हुए हैं। इस अवसर पर नाभापीठ सुदामा कुटी के श्रीमहंत अमरदास महाराज, अपर जिला जज उमेश सिरोही, आचार्य मारुतिनंदन वागीश, महामंडलेश्वर परमेश्वर दास महाराज, महंत अवधेश दास (बयाना), महंत राघव दास, आचार्य ऋषि कुमार तिवारी, संत रामसंजीवन दास महाराज, डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री, आचार्य विनय त्रिपाठी, आचार्य मृदुल कांत शास्त्री, भागवताचार्य श्रीराम मृदुल, आचार्य सुरेश चन्द्र शास्त्री, आचार्य युगल किशोर कटारे, महंत आचार्य रामदेव चतुर्वेदी, डॉ. राधाकांत शर्मा, पंडित चैतन्य किशोर कटारे, मोहन शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में धनघटा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुला कर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। धनघटा तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से जिलाधिकारी द्वारा 08 प्रार्थना पत्रों का संबंधित राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों से प्रकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए तत्काल निस्तारित करवाया गया। जिलाधिकारी द्वारा 02 प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की टीम भेजी गई। शेष प्रकरणों को जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए तत्काल कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा किया गया। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय मिल सके।

# सय्यद अली गाजी का उर्स-ए-पाक आस्ताने पर अकीदत के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मगहर के नेशनल हाइवे पर स्थित शहीद सय्यद अली गाजी का उर्स-ए-पाक शनिवार को कारी मोहम्मद नसीम बरकाती के नेतृत्व में उनके आस्ताने पर अकीदत के साथ मनाया गया।इस मौके पर कुरान की तिलावत के बीच शहीद की मजार पर गुलपोशी के साथ चादर चढ़ाई गई।कुरआन ख्वानी के साथ ही लंगर व सूफी कव्वाली का खूबसूरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।उर्स में नगर ही नहीं आसपास के क्षेत्रों से तमाम श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में शिरकत कर अपनी हाजिरी दर्ज करायी।इस दौरान मेले जैसा माहौल दिखायी दिया। उर्स का आगाज शनिवार की सुबह तिलावते कुरआन पाक से हुई।इसके बाद नातिया कलाम पेश किये गये।सूफी कव्वाली को अपने दिलकश आवाज में कव्वाल ने सुनाया तो उनके एक एक कलाम पर मौजूद लोगों ने खूब सराहा। संतकबीरनगर जिले के दुर्गजोत से आये मशहूर कव्वाल सेराज अहमद एंड टीम के द्वारा ₹जमाने वाले तो जन्नत तलाश करते है, हुसैन वालों को जन्नत तलाश करती है₹ को कव्वाली के अंदाज में सुनाया तो लोग दाद देने लोग मजबुर हो गए।₹ दमादम मस्त कलंदर₹ को बेहतरीन अंदाज में पेश किया। जिसे सुनकर श्रोता झूम उठे। इस दौरान एक से बढ़कर एक दिलकश कव्वाली सुनाकर लोगों की खूब वाहवाही लूटी।इस मौके पर खाने का लंगर चला।जिसका सभी लोगों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।अंत में मुल्क के साथ पूरी दुनिया मे अमन चैन व शांति की दुआएं मांगी गयीं। इस मौके पर ईओ वैभव सिंह, पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी, सभासद अवधेश सिंह, पूर्व सभासद परवेज कौसर, मौलवी इब्राहिम कादरी, मौलाना शादाब, जहीर बरकाती, मुश्ताक अहमद उर्फ मुन्ना खान,हाजी शफीउल्लाह बरकाती, सुहेल अख्तर, अनवार अहमद,अहमद अली,सरोज अहमद, मुजीबुल्लाह,मुजीबुल्लाह, मौलाना जैनुल्लाब्दीन, एहसानुल हक उर्फ मीते आदि लोग मौजूद रहे।

# सेवा और संस्कार से ही समाज में जनकल्याण की भावना जागृत होती है: अदिति सिंह पटेल



संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी विधानसभा के भाजपा विधायक नीलरतन सिंह पटेल के खजुरी स्थित जनसंपर्क कार्यालय स्वाभिमान स्थल पर शनिवार को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र की सम्मानित जनता उपस्थित होकर खिचड़ी भोज व दही चूड़ा खाकर एक दूसरे से मिलकर पर्व की बधाई दिये।कार्यक्रम में विधायक पुत्री अदिति सिंह पटेल ने कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है।ऐसे सेवा और संस्कार से ही समाज में जनकल्याण की भावना जागृत होती है और ऐसे कार्यों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।खिचड़ी भोज जैसे आयोजन आपसी सौहार्द बढ़ाते हैं और मेल-मिलाप का अवसर प्रदान करते हैं।इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, ग्राम प्रधान व मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार बिन्द, भाजपा नेत्री सुनीता सिंह, नीलकमल श्रीवास्तव, निहाला मिश्रा, सुरेन्द्र बिन्द, विधायक प्रतिनिधि रामविलास पटेल, पत्रकार उमेश उपाध्याय, पत्रकार अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', दीपक सिंह 'दीपू', ऋषि सिंह, किशोरी सेठ, सुरेन्द्र बिन्द, जितेन्द्र राजभर, आनंद समेत सैकड़ो लोग रहे।

# प्रधानाध्यापक की बीआरसी पर हुई आवश्यक बैठक

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर ब्लॉक सेमरियावां के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और सांवलियन विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की आवश्यक बैठक शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में आशीष कुमार सिंह ने प्रधानाध्यक से कहा शासन द्वारा डीबीटी के माध्यम से ब्लॉक सेमरियावां के समस्त प्राथमिक, जूनियर हाई स्कूल और संविलयन विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष धनराशि भेजी जा रही है।ऐसे में अभिभावकों का ये दायित्व बनता है कि अपने बच्चों को नियमित रूप से यूनिफार्म पहनकर ही विद्यालय भेजें। वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जूता मोजा ड्रेस स्वेटर पहनकर विद्यालय आना और आवश्यक है।शिक्षक छात्र छात्राओं को प्रत्येक दिन प्रेरित करें। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। श्री सिंह ने विद्यालय की साफ सफाई,मीनू अनुसार भोजन,विद्यालय में बच्चों की उपस्थित बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जफीर अली, इरफान खान, इसरारुल हक,सर्वेश प्रताप सिंह, राम निवास, डा आशीष कुमार,अजीत सिंह,मनोज कुमार अनिल,खुर्शीद अहमद,प्रेम चंद,सुशील शर्मा, बैरागी,फूल चंद,दूधनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# खचड़ी भोज व कंबल वितरण का हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया फतेह खान

**रुदौलीझअयोध्या।** रुदौली तहसील क्षेत्र के मीनापुर स्थित इफको बाजार केंद्र पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों व किसानों के लिए खिचड़ी भोज एवं निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में किसान व स्थानीय लोग सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। अपर गन्ना आयुक्त के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को गर्म खिचड़ी का वितरण किया गया, वहीं ठंड से बचाव के लिए निःशुल्क कंबल भी वितरित किए गए। भीषण ठंड के बावजूद किसानों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल पर व्यवस्था सुचारु रही और वितरण कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। लाभार्थियों ने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए संबंधित विभाग व आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना का संदेश दिया गया, जिससे जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल सकी।

# स्कोन संस्था द्वारा संतकबीरनगर में श्री राधा श्याम सुंदर मंदिर का होगा भव्य निर्माण

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिले में स्कोन संस्था के तत्वावधान में श्री राधा श्याम सुंदर मंदिर के भव्य निर्माण की योजना को लेकर गुरुवार को धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर खलीलाबाद के समय माता मंदिर चौराहे से बैंक चौराहे तक वृंदावन एवं गोरखपुर से आए श्रद्धालुओं, जिले के प्रतिष्ठित व्यवसायियों तथा नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल की मौजूदगी में भव्य पैदल पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के उपरांत खलीलाबाद स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्कोन संस्था के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि संस्था न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी कई भव्य मंदिरों का निर्माण करा चुकी है।इसी कड़ी में अब संतकबीरनगर जिले में भी श्री राधा श्याम सुंदर मंदिर का निर्माण किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि खलीलाबाद क्षेत्र के मिलोरना में मंदिर के लिए भूमि चिन्हित की गई है, जिसे स्थानीय व्यवसायी राजेश गुप्ता द्वारा मंदिर निर्माण हेतु दान किया गया है। इसके साथ ही सहयोग के रूप में बृजकिशोर गुप्ता ने ?2 लाख की प्रथम दान राशि देने की घोषणा की। मंदिर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने की बात भी कही गई। नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल ने कहा कि यह जिले के लिए सौभाग्य की बात है कि यहां भव्य मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। अब लोगों को दर्शन के लिए वृंदावन या अन्य शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जिले के व्यापारी, व्यवसायी और श्रद्धालु बढ़-चढ़कर मंदिर निर्माण में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति एवं उत्साह का माहौल बना रहा।इस अवसर पर राजेश गुप्ता, दिग्विजय जायसवाल, विवेकानंद वर्मा, शेषनाथ यादव, अमर रुंगटा सहित कई उद्योगपति मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओ ने घर घर सम्पर्क कर नये वोट बनवाये



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के निमित्त नूरपुर नगर के शक्तिकेंद्र बीरबलपुर के बूथ संख्या 233 पर बूथ प्रवासी जिला सहकारी बैंक चेयरमैन बिजनौर दिनेश चौधरी के साथ मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने उपस्थित रहकर बूथ की समीक्षा की और नए वोट बनवाने के लिए फॉर्म 6 भरने की जानकारी उपलब्ध कराकर 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओ के वोट वनवाये।

इस मौके पर मंडल महामन्त्री वीर प्रकाश भुइयार, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा, मंडल मन्त्री राहुल यादव, सतीश कुमार, सैक्टर संयोजक राहुल प्रजापत, बूथ अध्यक्ष मंदीप चौधरी, बत्तू सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे।

# डीएम के निदेर्शानुसार तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत फार्मर रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा की गई

वेलकम इंडिय

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत फार्मर रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा की गई। तहसील धनघटा में स्वयं जिलाधिकारी द्वारा, तहसील खलीलाबाद में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा, तहसील मेहदावल में अपर जिलाधिकारी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने के निर्देश दिए गए। उप कृषि निदेशक डॉ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 80747 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कराया जाना शेष है। जिसके लिए प्रत्येक ग्राम में कैंप लगाते हुए कार्य को पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए। इस अभियान के अंतर्गत किसानों के भूलेख विवरण को पंजीकृत कर फॉर्मर रजिस्ट्री करते हुए गोल्डन कार्ड वितरण किया जाना है। उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि अब तक पीएम किसान लाभार्थी 279050 के सापेक्ष 153132 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कराया जा चुका है प्रदेश में जनपद की प्रगति संतोषजनक नहीं है। तीनों तहसील स्तर से राजस्व लेखपाल, जन सुविधा केंद्र एवं वालंटियर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री अभियान के रूप में कराई जा रही है। फार्मार रजिस्ट्री कराए जाने से किसानों की अलग-अलग स्थान पर भूमि खतौनी विवरण एक अभिलेख के रूप में गोल्डन कार्ड के रूप में तैयार हो जाता है, जिसका प्रयोग किसान अपनी जमीन विवरण के रूप में प्रयोग कर किसान क्रेडिट कार्ड, लेवी पर धान गेहूं की बिक्री एवं अन्य सरकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री न करने पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त रोके जाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की इस अभियान में ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान, राशन कोटेदार प्रगतिशील कृषक जन सुविधा केंद्र एवं अन्य वालंटियर के सहयोग से राजस्व के एवं अन्य क्षेत्रिय कर्मचारी अनिवार्य रूप से छूटे हुए पीएम किसान लाभार्थी का फॉर्मर रजिस्ट्री जनवरी माह तक पूर्ण कर लें।

उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु किसान का आधार, आधार से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर एवं खतौनी की आवश्यकता होती है। खतौनी एवं आधार में नाम की एकरूपता होनी चाहिए। 15 से 80% नाम मैच होने पर लेखपाल के स्तर पर सत्यापन उपरांत उसकी फॉर्मर रजिस्ट्री हो जाती है एवं 80% से अधिक नाम मैच होने पर फार्मर रजिस्ट्री स्वतः हो जाती है। 15% से कम नाम मैच होने पर किसान को अपने त्रुटि पूर्ण अभिलेख में सुधार कराने की आवश्यकता होती है।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ०प्र०,लखनऊ के द्वारा दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजना संचालित जा रही जिले के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़** जनपद में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ०प्र०,लखनऊ के द्वारा दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजना संचालित की जा रही है, जिसमें दुकान निर्माण हेतु रू0 20,000 (15,000 ऋण एवं रू० 5,000/- अनुदान) तथा दुकान संचालन के अन्तर्गत खोखा/गुमटी/हाथठेला के क्रय एवं कार्यशील पूँजी हेतु रू0 10,000/- (जिसमें रू0 7,500/- ऋण एवं रू0 2,500/-अनुदान) प्रदान किये जाते है।पात्रता मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन जो उत्तर प्रदेश के निवासी है।जिनकी वार्षिक आय समय-समय पर शासन के द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो।जिनकी आयु 18 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक न हो।जो किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामले में सजा न पाए हों तथा जिनके विरूद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशी देय न हों। जिनके पास दुकान निर्माण हेतु स्वयं की 110 वर्ग फिट भूमि हो या अपने स्त्रोतो से उक्त क्षेत्रफल की भूमि खरीदने/लेने में समर्थ हो।अथवा स्थानीय निकाय/उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद / विकास प्राधिकरण / प्राईवेट विल्डर्स तथा एजेन्सी से निर्मित दुकान क्रय हेतु किन्तु दुकान का क्रय किसी परिवारीजन के नाम से अनुमन्य नहीं होगा।अथवा जिनके द्वारा कम से कम पाँच वर्ष की अवधि का किरायेदारी का पट्टा कराया जाए उन्हें उपलब्ध दुकान संचालन हेतु (किराया एवं कार्यशील पूँजी) अथवा जिनके के द्वारा गारन्टी /बन्धक उपलब्ध कराया जाये उन्हें खोखा / गुमटी / हाथठेला के क्रय एवं कार्यशील पूँजी हेतु।दुकान योजनान्तर्गत आवेदन करने निर्माण / संचालन दिव्यांगजन इच्छुक हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है अथवा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, हापुड़ के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, आय प्रमाण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र की छायाप्रति आदि को आवेदन के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।

# हापुड़ की समस्त तहसीलों में आयोजित हुआ समाधान दिवस

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिलाधिकारी श्री अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 4 का मौके पर जिलाधिकारी के द्वारा निस्तारण कराया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद जैसी समस्याएं आई ह्ल जिस पर जिला अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# थाना सरसावा,थाना गागलहेडी,देहात कोतवाली एवम थाना मण्डी प्रभारियो की बडी कार्रवाई

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी




**सहारनपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र-डीआईजी अभिषेक सिंह के कडे एक्शन के चलते एसएसपी और डीआईजी आशीष तिवारी,एसपी सिटी व्योम बिंदल एवम एसपी देहात सागर जैन के दिशा निर्देश पर थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम की एक बार फिर शराब तस्करो पर बड़ी कार्रवाई,38 पाऊच अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार। थाना गागलहेडी प्रभारी पीयूष दीक्षित की पुलिस टीम को भी मिली जबरदस्त कामयाबी,एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में नीटू गिरफ्तार थाना देहात कोतवाली प्रभारी सुनील नागर की पुलिस टीम ने भी पकड़े 3 शातिर चोर,चोरी के 5 रिफाइंड के साथ गिरफ्तार थाना मण्डी प्रभारी रोजन्त त्यागी की पुलिस टीम की बड़ी कार्रवाई, प्रतिबंधित चाईनीज मांझे की बिक्री करता युवक गिरफ्तार,चाईनीज मांझे की 29 गिट्टी बरामद इंस्पेक्टर रोजन्त त्यागी की पुलिस टीम की दूसरी/तीसरी बड़ी कार्रवाई,2 चाकू धारी बदमाश नाजायज चाकूओं के साथ हुए गिरफ्तार लूट/गौकशी/चोरी/नशा तस्करी एवम जालसाजी जैसे जघन्य मामलों के जोरदार खुलासे कर अपराधियों को धड़ाधड़ जेल की सलाखें दिखाने वाले थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक देवकरण शर्मा ने अपनी पुलिस टीम के साथ एक बार फिर जबरदस्त कामयाबी हासिल करते हुए चेकिंग के दौरान माजरी की और जाने वाले रास्ते से दो शराब तस्करों समीर पुत्र गफ्फार एवम नजाकत पुत्र स्व,लियाकत दोनों ही निवासी कस्बा गंगोह को अवेध शराब के साथ उस समय पकड़ा,जब यह दोनो नशा तस्कर सामने से आती पुलिस टीम को देखते ही एक दीवार के पीछे छुपकर बैठ गये,लेकिन साहसिक पुलिस टीम ने इन नशा तस्करो को घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया।जिनके कब्जे/मौके से 38 पाऊच अवैध देशी शराब बरामद किए गए।जबकि थाना गागलहेडी प्रभारी पीयूष दीक्षित के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एक अभियुक्त को गिरफतार किया गया।आपको बता दें,कि कल मानसिक रूप से परेशान एक महिला मनिता ने बलियाखेड़ी में अपने दो बच्चौ सहित आत्महत्या कर ली थी।थाना गागलहेडी में एक महिला सहित चार अभियुक्तो को पुलिस रिपोर्ट में नामजद किया गया था।जिस मामले को थाना गागलहेडी प्रभारी पीयूष दीक्षित ने गम्भीरता से लेते हुए एक टीम को नामजद आरोपियों की तलाश में लगि दिया था।उनकी पुलिस टीम उपनिरीक्षक राशिद अली खान एवम राजकुमार तोमर अपनी पुलिस टीम के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त नीटू पुत्र अतर सिंह निवासी बलियाखेड़ी को भगवानपुर तिराहा से गिरफ्तार कर लिया।इसके अलावा थाना देहात कोतवाली प्रभारी सुनील नागर की पुलिस टीम उपनिरीक्षक सुदेश पाल ने अपने सहयोगी दल के सहयोग से बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए चैकिंग के दौरान तीन ऐसे शातिर चोरों मुकुल उर्फ काला पुत्र स्व,सुभाष उर्फ कुक्कू निवासी गोपालपुर रविदास मंदिर वाली गली बेहट रोड,सुंदर पुत्र शीशपाल उर्फ मोटा निवासी रविदास मंदिर वाली गली,नाजिरपुरा बेहट रोड एवम अजय पुत्र पप्पू हलवाई निवासी ग्राम चकदेवली रविदास मंदिर के पास वाली गली को गिरफतार किया,जिन्होंने बेहट रोड प्रताप गंज निवासी दीपांशु जेन के गौदाम से 5 टीन रिफाइंड के चुराए थे।

जिनके पास से सभी चोरी के रिफाइंड भी बरामद कर लिए गए हैं।इसके अलावा थाना मण्डी प्रभारी रोजन्त त्यागी के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक सुरेशवीर सिंह ने अपनी सहयोगी टीम के साथ पशु पैठ पानी की टंकी के पास स्थित कमेला कालोनी में छापेमारी करते हुए अवैध रूप से चाईनीज मांझे की बिक्री करते तन्जीम पुत्र फजलुर्रहमान निवासी नदीम कालोनी को प्रतिबंधित मांझे की 29 गिट्टी के साथ किया गिरफतार।इसके अलावा इंस्पेक्टर रोजन्त त्यागी की ही पुलिस टीम उपनिरीक्षक निर्मल कुमार एवम राहुल शर्मा ने अपने अपने सहयोगी दलो के सहयोग से चैकिंग के दौरान जुलमगढ पुलिया के पास सड़क किनारे स्थित खाली पड़े प्लाट से एक चाकू धारी बदमाश संदीप उर्फ समीर उर्फ मल्ली पुत्र बुद्ध सिंह निवासी भीष्म नगर को एक नाजायज चाकू के साथ किया गिरफतार।और यही नहीं एक और चाकू धारी बदमाश तय्यब पुत्र इकराम निवासी सुहेला कालोनी खाताखेडी को भी हाजीशाह कब्रिस्तान गेट के पास से एक नाजायज चाकू के साथ किया गिरफतार।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर एबीवीपी मोदीनगर इकाई द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ट)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रान्त, गाजियाबाद जिला मोदीनगर इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दयावती पब्लिक स्कूल परिसर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद के विचारों का प्रसार करना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ वरिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. अरुण त्यागी, डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल, छाया इंटरनेशनल स्कूल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। दोनों अतिथि अपने विचारों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रसेवा, अनुशासन और सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करेंगे।राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिनके विचार आज भी युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देते हैं।इसी भावना को आत्मसात करते हुए एबीवीपी मोदीनगर इकाई द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें देशभक्ति गीत, नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियां एवं प्रेरणादायी वक्तव्य शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से युवाओं को सामाजिक कर्तव्यों, शिक्षा के महत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से जोड़ा जाएगा। विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी इस कार्यक्रम को विशेष बनाएगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजियाबाद जिला इकाई ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों, अभिभावकों एवं युवाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

आयोजकों का कहना है कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ समाज में सांस्कृतिक चेतना को भी मजबूत करते हैं।इस अवसर पर एबीवीपी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल है और इसे सफल बनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से की जा रही। जिसमे मुख्य रूप से विपुल शर्मा पूर्व जिला सयोजक, विजय ठाकुर पूर्व विभाग सहसयोजक, तनिष्क शिशोदिया, शालू सिंह,रजत मोघा,शताक्षी वशिष्ठ, कनक, पीयूष आदि उपस्तिथ रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 106 में से केवल दो मामलों का मौके पर समाधान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ट)।संपूर्ण समाधान दिवस पर मेरठ मंडल के अतिरिक्त मंडलायुक्त अमरीश कुमार ने जनसमस्याएं सुनी। कुल 106 शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन मौके पर केवल दो मामलों का ही समाधान हो सका। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दी गई। मेरठ मंडल के अतिरिक्त मंडलायुक्त अमरीश कुमार, एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्य, एसडीएम मोदीनगर अजीत कुमार, तहसीलदार रजत सिंह तथा एसीपी मोदीनगर उपस्थित रहे और नागरिकों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवाद, खसरा-खतौनी में त्रुटि और राजस्व संबंधी मामलों से जुड़ी रहीं। इसके अलावा वृद्धा पेंशन न मिलने, पुलिस से संबंधित शिकायतें तथा लेखपालों पर लापरवाही के आरोप भी सामने आए। किल्हौड़ा गांव से आई एक महिला ने लेखपाल के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान अधिकारी गैरहाजिरी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अतिरिक्त मंडलायुक्त ने समाधान दिवस रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को बार-बार तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें।

# वृद्धाश्रम में मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ट)। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष, पूर्व सभासद एंव समाजसेवी स्व.श्री राम चन्द्र जायसवाल की 23 वीं पुण्यतिथि पर गोविंदपुरी स्थित वृद्धाश्रम में मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया। कैंप में सभी वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान उन्हें ठंड से बचाव की सलाह देते हुए औषधि दी गईं। भाजपा नेता नवीन जायसवाल एंव निशा जायसवाल आदि ने बुजुर्गों को फल और कम्बल इत्यादि वितरित किए।

# मोंठ नगर पंचायत में बिना बोर्ड बैठक फर्जी प्रस्तावों से कार्य योजना बनाने का आरोप, डीएम से शिकायत

वेलकम इंडिया



**झांसी** जनपद की नगर पंचायत मोंठ में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। नगर पंचायत में बिना बोर्ड बैठक कराए फर्जी प्रस्तावों के आधार पर कार्य योजनाएं तैयार करने और टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में सभासदों ने जिलाधिकारी झांसी को शिकायती पत्र सौंपकर जांच की मांग की है।

शिकायत पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत अधिनियम एवं शासनादेशों के अनुसार किसी भी विकास कार्य योजना को लागू करने से पहले बोर्ड बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित करना अनिवार्य है, लेकिन मोंठ नगर पंचायत में इस प्रक्रिया का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। आरोप है कि न तो किसी बैठक की सूचना दी जाती है और न ही सभासदों की सहमति ली जाती है, इसके बावजूद कागजों में फर्जी प्रस्ताव दर्शाकर कार्य योजनाएं बनाई जा रही हैं। सभासदों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो इससे न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है, बल्कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। शिकायत में यह भी मांग की गई है कि जिन प्रस्तावों पर बोर्ड की स्वीकृति नहीं है, उन्हें तत्काल निरस्त किया जाए तथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय व विधिक कार्रवाई की जाए। सभासदों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नगर पंचायत मोंठ में अब तक कराए गए सभी कार्यों और प्रस्तावों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और भविष्य में सभी कार्य केवल विधिवत बोर्ड बैठक के माध्यम से पारदर्शी ढंग से कराए जाएं। इस ज्ञापन में पार्षद दयाल गिरी, धर्मेंद्र वर्मा , नीलेश कुमार , आकाश सिंह, पार्षद प्रतिनिधि अनिल सोनी, राजेश कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी अनिल शर्मा को सम्मानित कर जन्मदिन दिवस की दी शुभकामनाएं



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ट)। पुरुषार्थ क्रांति संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में समाजसेवी अनिल शर्मा को सम्मानित किया गया उन्हें जन्मदिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल शर्मा द्वारा समाज सेवा के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए उनके आवास पर पहुंचकर शॉल उड़ाकर 32वीं सालगिरह बधाई हार्दिक एवं शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर झांसी में फअटढ कार्यक्रम का शुभारंभ, फकरए बना नवाचार का केंद्र

वेलकम इंडिया

**झांसी**। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी , झांसी स्मार्टसिटी के मार्गदर्शन में आज फकरए इनक्यूबेशन सेंटर, झांसी में स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए राइस प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री उ ङ तिवारी जी ने में फअटढ (फकरए अउउएछएफअळडफ टअश्फकउ ढफडञ्ऋफअट) कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए आयोजन का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

आयोजन में झांसी स्मार्ट सिटी से उर हेमंत नायक जी, खए सुनील जी , प्रशासन, उद्योग, शिक्षा जगत , स्टार्टअप इकोसिस्टम के प्रतिनिधि, आरुषि गुप्ता डायरेक्टर जय अकादमी , बैभव खन्ना एमडी नटराज ग्रुप , अतुल शर्मा डायरेक्टर वैद्यनाथ ,एवं नीरज खत्री डायरेक्टर रफ ग्रुप एक मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विमल कुमार दुबे, माननीय मंडलायुक्त, झांसी, तथा विशिष्ट अतिथि सुश्री आकांक्षा राणारफ नगर आयुक्त, झांसी रहीं।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के सम्मान के साथ हुई। इसके पश्चात कार्यक्रम संचालक समीक्षा गोस्वामी जी द्वारा स्वागत संबोधन, फकरए झांसी जर्नी वीडियो का प्रदर्शन, फकरए एवं उत्तर प्रदेश स्टार्टअप बुकलेट का विमोचन, फअटढ लोगो लॉन्च, कार्यक्रम प्रस्तुति, तथा स्टार्टअप्स के वेबसाइट एवं उत्पाद लॉन्च किए गए। साथ ही ह्यस्टार्टअप ऑफ द मंथह्ण अउअऊएटअ रळअफळवढ को दिया गया।मुख्य अतिथि झांसी मंडलायुक्त श्री विमल कुमार दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लस्टार्टअप्स के लिए वित्तीय साक्षरता अत्यंत आवश्यक है। फकरए जैसे प्लेटफॉर्म पर स्टार्टअप्स को वित्तीय ज्ञान के साथ-साथ केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और अन्य सरकारी प्लेटफॉर्म्स तक सुलभता मिलनी चाहिए, ताकि वे टिकाऊ और मजबूत उद्यम बन सके।

# हनुमत धाम काली पीठ मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ट)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महंत शीतल गिरी महाराज जी की पुण्यतिथि के अवसर पर हनुमत धाम काली पीठ मंदिर बस स्टैंड मुरादनगर पर प्रात हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र के सभी सम्मानित गण उपस्थित रहे सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी अरविंद भारती बृजेश्वर निम्मी मनोज शर्मा राजपाल त्यागी डॉक्टर उदिता त्यागी निरंकार त्यागी सुबोध त्यागी राहुल गोयल मंडल अध्यक्ष विनोद जिंदल मोहित त्यागी नितिन गोयल बॉबी पंडित बिंदु त्यागी गीता चौधरी उषा चौधरी, सोनिया त्यागी तनु शर्मा मनोरमा रीता संयोगिता त्यागी पंडित सत्यनारायण कृष्ण शर्मा विजय लक्ष्मी विपिन गर्ग ललित गोयल विनोद धनगर हरिमोहन गोयल मोनिका वर्मा विजयलक्ष्मी अलका चौधरी विकास त्यागी अनुज शर्मा भूषण त्यागी सुशील गोस्वामी सचिन शर्मा हरीश डॉ अरुण सेन सलोनी त्यागी लोकेश जाटव डॉक्टर सत्य त्यागी ऋषि त्यागी देवेंद्र शर्मा जयवीर त्यागी प्रमोद त्यागी नवीन गर्ग महेश विनोद प्रजापति भूपेंद्र शर्मा डॉ सचिन कुमार गीता सक्सेना जितेंद्र शर्मा मोहित त्यागी सैंटली आदि शहर के सभी सम्मानित गान उपस्थित रहे।

# समाजसेवी स्व० दयानन्द त्यागी की पुण्यतिथि पर क्षेत्र के लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**,( अनिल वशिष्ट)। कस्बा निवाड़ी नगर पंचायत के चेयरमैन अनिल त्यागी के पिताजी स्व० श्री दयानन्द त्यागी जी (पूर्व वाईस चैयरमैन) की द्वितीय पुण्यतिथि पर जनप्रतिनिधियो एवं क्षेत्र के लोगों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कस्बा निवाड़ी में नगर पंचायत के चेयरमैन अनिल त्यागी के निवास स्थान पर समाजसेवी स्व० श्री दयानन्द त्यागी जी (पूर्व वाईस चैयरमैन) की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने उनके चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमारे प्रेरणा पूंज, मार्गदर्शक एवं निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा के जो उन्होंने कार्य किए हैं उन्हें क्षेत्र याद रखेगा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक डॉ मंजू शिवाच, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह ,भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, सहकारी बैंक के अध्यक्ष कृष्ण वीर सिंह, भाजपा नेता सत्येंद्र त्यागी, डा पवन सिंघल,रूद्रप्रताप सिंह त्यागी,रालोद के रणबीर दहिया, योगेंद्र पतला, रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, अरुण त्यागी, भाजपा नेता संजय त्यागी, पूर्व अध्यक्ष अनिल त्यागी, जिला उपाध्यक्ष अमित चौधरी, ललित त्यागी,,पिंकी चौधरी,विधायक प्रतिनिधि डा कर्णवीर सिंह आदि क्षेत्र के लोग श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके सुपुत्र नगर पंचायत चेयरमैन अनिल त्यागी,रोबिन त्यागी सहित परिजनों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त किया।

# क्रेगी नाले के सुधार एवं निर्माण के लिए 49 करोड़ 38 लाख स्वीकृत

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर**। नवादा रोड की जल निकासी के लिए 02 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से नाले का निर्माण कराया जायेगा। इसकी स्वीकृति आज महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में 15 वे वित्त की बैठक में दी गयी। इसके अलावा क्रेगी नाले के सुधार और निर्माण के लिए भी 49 करोड़ 38 लाख की स्वीकृति दी गयी। नगर निगम के शाकुंभरी सभागार में महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में आज शाम पंद्रहवें वित्त एवं अवस्थापना विकास निधि की बैठक हुई। बैठक में नवादा रोड पर काफी समय से चली आ रही पानी निकासी की समस्या पर विचार कर उसके निदान के लिए एक नाला निर्माण को स्वीकृति दी गयी है। बैठक के बाद महापौर डॉ. अजय कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नवादा रोड पर जल निकासी न होने से क्षेत्र के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि जल निकासी समस्या के स्थायी समाधान के लिए नाला निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि निर्माण के लिए 02 करोड़ 38 लाख रुपये की भी स्वीकृति दी गयी है उन्होंने बताया कि इसके अलावा शहर के बीच से गुजरने वाले क्रेगी नाले के सुधार और निर्माण के लिए भी 49 करोड़ 38 लाख रुपये स्वीकृत किये गए है। उन्होंने बताया कि क्रेगी नाले का आधे से अधिक हिस्सा बना हुआ है लेकिन उसका पिछला हिस्से का अभी निर्माण किया जाना है। उसके लिए ही यह धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसके अलावा अवस्थापना निधि के तहत नगरायुक्त के आवास के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गयी है।

# आखिर कब बनेगा गुरसरांय में बस स्टैंड,परेशान होते है यात्री

वेलकम इंडिया



**गुरसरांय(झांसी)** नगर में लगभग 60 हजार की आबादी के बाद भी स्थाई बस स्टैण्ड आज तक नहीं बन पाया है। जिससे यात्रियों को परेशानी होती है और उन्हें सड़क किनारे बसों का इंतजार करना पड़ता है।जिम्मेदार लोगों की उदासीनता के चलते आज भी लोगों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि स्थायी बस स्टैंड न होने से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में रुकावट आ रही है और रोजगार के अवसर भी कम हैं। वहीं दूसरी ओर नगर में स्थाई बस स्टैण्ड के साथ ही नगर के विभिन्न चौराहों पर यात्रियों को बैठने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते लोगों को सड़क किनारे घंटों इंतजार करना पड़ता है।केंद्र व प्रदेश में सरकार के साथ ही विधायक और चेयरमैन भी सत्ता पक्ष के फिर भी कोई कदम नही उठाया।नगर के मोदी चौराहा,कालेज चौराहा,रेंज चौराहा एवं गरौठा चौराहा पर यात्री सड़कों पर बसों के इंतजार में सुबह से शाम तक खड़े एवं भटकते नजर आते हैं।जबकि गुरसरांय एवं बामौर ब्लॉक के दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोगों को गंतव्य स्थान जैसे झांसी, उरई, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज,चित्रकूट,ग्वालियर,छतरपुर, टीकमगढ़ आदि स्थानों तक जाने के लिए गुरसरांय आना पड़ता है। गुरसरांय ही एक ऐसा केन्द्र बिन्दु हैं जहां से मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के दूर-दराज शहरों के लिए एक रास्ता बनता है। लेकिन परिस्थिति यह है कि केन्द्र व प्रदेश में भाजपा सरकार के साथ ही विधायक एवं चैयरमैन सत्ता पक्ष के होने के बाद भी नगर व क्षेत्र के लोग विगत कई वर्षों से स्थाई बस स्टैण्ड की मांग करते चले आ रहे हैं। लेकिन आज तक इस गम्भीर समस्या के लिए ठोस कदम जनप्रतिनिधियों द्वारा नहीं उठाया गया। केवल जनता को मुंगेरी लाल के हसीन सपनों के अलावा कुछ नहीं मिला। काफी लंबा समय बीत जाने के बाद भी धरातल पर साकार परिणाम आम जनता के सामने नजर नहीं आ रहे है।लोगों ने जनप्रतिनिधियों से इस समस्या को गंभीरता से लेने और जल्द से जल्द बस स्टैंड बनवाने की अपील की है, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके और क्षेत्र का विकास हो सके। क्या कहते हैं नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग. सुप्रिया पस्तोर का कहना है कि नगर में बस स्टैंड की परम आवश्यकता है,इससे आगमन सुलभ होगा।यात्रीगणों को आसानी से गंतव्य के लिए निर्धारित एक स्थान पर बसें उपलब्ध रहेगी।रोजगार के नव अवसर सृजित होंगे,बस स्टैंड और पार्क गुरसरांय की एक बड़ीं आवश्यकता है। रोशनी पटेल का कहना है कि नगर गुरसरांय में स्थाई बस स्टैण्ड न होने से ग्रामीण क्षेत्र के अलावा नये व्यक्तियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# धारा 84 इठरर उद्घोषणा की कार्यवाही

वेलकम इंडिया

**बस्ती**। थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 32/2025 धारा 318/(4)/338/336(3)/340(2)/ बीएनएस व 60/63/72 ए अउळ से संबंधित वांछित अभियुक्त कपिल भडाना पुत्र राजे भड़ाना निवासी बीच पट्टी थाना सूरजकुंड जनपद फरीदाबाद हरियाणा राज्य जो काफी समय से वांछित है जिनके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा एन बी डब्ल्यू निर्गत किया गया।जिनके घर दबिश दिया गया परंतु बादस्तूर फरार चल रहा है जो गिरफ्तारी के डर से लुक छिप कर रह रहा है तथा माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 22.12.2025 को अंतर्गत धारा 84 बीएनएसएस उद्घोषणा निर्गत किया गया जो मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में वांछित अभियुक्त कपिल भड़ाना पुत्र राजे भड़ाना के घर पहुंच कर धारा 84 इठरर की नोटिस समक्ष गवाहान चस्पा किया गया तथा गांव में घूम घूम कर डुगडुगी बजवाकर मुनादी कराया गया। वांछित अभियुक्त कपिल भड़ाना यदि एक माह के अंदर मा0 न्यायालय में हाजिर नहीं होते हैं तो उनके घर की धारा 85 इठरर के तहत कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# अग्निशमन विभाग द्वारा सेशन में बचाव की आपातकालीन विधियां के बारेप्रशिक्षणार्थियों को अभ्यास कराया





**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ० प्र० लखनऊ के निदेशार्नुसार एम आई टी संस्थान में आयोजित वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय सत्र के दूसरे दिन आज दिनांक 17/01/2026 को प्रशिक्षण से पूर्व श्री नीरज चक, उपनियंत्रक के साथ सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने ₹इतनी शक्ति हमें देना दाता₹ सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना गायी । तत्पश्चात श्री एस डी आर एफ टीम द्वारा पहले सेशन में ₹बचाव की आपातकालीन विधियां₹ के बारे में बताया गया₹ और प्रशिक्षणार्थियों को अभ्यास कराया गया। दूसरे सेशन में श्री सतीश कुमार द्वारा ₹आग बुझाने की विधि एवं उपकरणों₹ के बारे समझाया गया। दूसरे दिन के अंतिम सेशन में अग्निशमन विभाग द्वारा आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव ₹ पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

# ट्रांस हिंडन में बिजली संकट गहराया, घंटों कटौती स

**वेलकम इंडिया**

**साहिबाबाद**। ट्रांस हिंडन क्षेत्र के लोगों को बार-बार हो रही बिजली कटौती से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को भी विभिन्न इलाकों में घंटों बिजली गुल रहने से जनजीवन प्रभावित हुआ। कटौती से जूझ रहे नागरिकों का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के लिए विद्युत निगम की हेल्पलाइन पर कॉल करने पर भी संपर्क नहीं हो पाता, जिससे नाराजगी और बढ़ गई है। भोपुरा क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी, पंचशील और कृष्णा विहार कुटी में शनिवार सुबह से ही बिजली कटौती शुरू हो गई। सुबह आठ से नौ बजे, फिर साढ़े नौ से 10:30 बजे और दोपहर एक से दो बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इसके बाद भी दिनभर बिजली का आना-जाना लगा रहा। कुल मिलाकर करीब सात घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे घरेलू कामकाज के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई। सुबह बिजली न होने के कारण कई घरों में पानी तक नहीं आ सका। स्थानीय निवासियों सोनू प्रजापति और ऋषिपाल का कहना है कि वे आए दिन इस समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है। लोगों का आरोप है कि अधिकारी केवल आश्वासन देते हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। नागरिकों ने चिंता जताई कि दो माह बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा, ऐसे में बिजली की मांग बढ? पर स्थिति और भी बदतर हो सकती है। इसी तरह लोनी के लक्ष्मी सिटी चिरोड़ी इलाके में बीते 15 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। स्थानीय निवासी मनीष कुमार मिश्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी शिकायत साझा करते हुए लिखा कि वे लगातार हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर रहे हैं, लेकिन कॉल ही नहीं लग पा रही है। इस पर पीवीवीएनएल की ओर से जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक इलाके में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। लगातार हो रही कटौती से नाराज लोगों ने विद्युत निगम से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि बार-बार फाल्ट और मेंटेनेंस के नाम पर बिजली काटना आम हो गया है, जबकि वैकल्पिक व्यवस्था या पूर्व सूचना तक नहीं दी जाती। इस संबंध में विद्युत निगम जोन-तीन के मुख्य अभियंता नरेश भारती ने बताया कि फाल्ट और मेंटेनेंस कार्य के चलते कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति को जल्द ही सामान्य कर लिया जाएगा और बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सुधारात्मक कार्य किए जा रहे हैं। हालांकि, क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब तक जमीनी स्तर पर सुधार नहीं दिखेगा, तब तक राहत मिलना मुश्किल है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रांस हिंडन क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाले समय में उन्हें इस समस्या से निजात मिल सके

# मोहन नगर में फ्लैट में भीषण आग, एक घंटे की मशक्कत के बाद काबू

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। मोहन नगर थाना क्षेत्र के ओमनगर गली नंबर चार में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब विजेंदर के फ्लैट में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें खिड़की से बाहर निकलती देख आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही साहिबाबाद फायर स्टेशन से दो दमकल गाडि?ों को मौके पर रवाना किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि जब दमकल टीम मौके पर पहुंची, तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। पहली मंजिल पर लगी आग तेजी से फैलते हुए भूतल के फ्लैट तक पहुंच गई, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई।

दमकल की दो टीमों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक फ्लैट में रखा घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य जरूरी सामान को भारी नुकसान पहुंचा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि राहत की बात यह रही कि आग लगने के समय घर के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, जबकि हुए आर्थिक नुकसान का आकलन संबंधित विभाग द्वारा किया जा रहा है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं प्रशासन ने लोगों से आग से बचाव के प्रति सतर्क रहने की अपील की है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश, 195 शिकायतें दर्ज, 12 का मौके पर समाधान

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद**। शासनादेश के अनुरूप माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत शनिवार को जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों लोनी, मोदीनगर एवं सदर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता एवं निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनसमस्याओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करना रहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आमजन को वास्तविक राहत मिल सके। लोनी तहसील में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी दीपक सिंघनवाल, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मोदीनगर तहसील में एडिशनल कमिश्नर मेरठ श्री अम्बरीष बिन्द की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां कुल 106 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 02 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में एडीएम (ई) ज्योति मोर्या, आईएएस अयान जैन, एसडीएम मोदीनगर अजीत कुमार, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर नगर निगम, पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 195 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।


# मोहन नगर में फ्लैट में भीषण आग, एक घंटे की मशक्कत के बाद काबू

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। मोहन नगर थाना क्षेत्र के ओमनगर गली नंबर चार में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब विजेंदर के फ्लैट में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें खिड़की से बाहर निकलती देख आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही साहिबाबाद फायर स्टेशन से दो दमकल गाडि?ों को मौके पर रवाना किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि जब दमकल टीम मौके पर पहुंची, तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। पहली मंजिल पर लगी आग तेजी से फैलते हुए भूतल के फ्लैट तक पहुंच गई, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। दमकल की दो टीमों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक फ्लैट में रखा घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य जरूरी सामान को भारी नुकसान पहुंचा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि राहत की बात यह रही कि आग लगने के समय घर के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, जबकि हुए आर्थिक नुकसान का आकलन संबंधित विभाग द्वारा किया जा रहा है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं प्रशासन ने लोगों से आग से बचाव के प्रति सतर्क रहने की अपील की है।


# वैध फैक्ट्रियों पर बड़ी कार्रवाई, 18 इकाइयां सील

**वेलकम इंडिया**

**साहिबाबाद**। लोनी क्षेत्र के टीला शहबाजपुर बेहटा हाजीपुर में शनिवार को जिला प्रशासन, विद्युत निगम और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से संचालित फैक्ट्रियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 इकाइयों को सील कर उनके बिजली कनेक्शन काट दिए। इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और कई फैक्ट्री संचालक अपनी इकाइयां बंद कर मौके से फरार हो गए। संयुक्त टीम ने टीला शहबाजपुर बेहटा हाजीपुर क्षेत्र में छापेमारी करते हुए नियमों का उल्लंघन कर संचालित फैक्ट्रियों को चिन्हित किया। कार्रवाई के दौरान ब्रह्मपाल और अशोक कुमार द्वारा संचालित एक-एक अवैध यूनिट को सील किया गया। वहीं सचिन मावी की कुल चार इकाइयों पर ताला लगाया गया। इसके अलावा तिलक राम की पांच अवैध इकाइयां सील की गईं। इसी क्रम में सचिव मावी की पांच तथा वेशराम और विरेंद्र कुमार की एक-एक यूनिट को भी सील कर दिया गया। इसके साथ ही कृष्णा विहार क्षेत्र में स्थित कृष्णा इंजीनियरिंग में कास्टिंग और ढलाई का कार्य अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर फैक्ट्री को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान विद्युत निगम की टीम ने अवैध फैक्ट्रियों के बिजली कनेक्शन भी काट दिए, जिससे दोबारा संचालन पर तत्काल रोक लग सके। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि क्षेत्र से लगातार अवैध फैक्ट्रियों के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों की जांच के बाद संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रशासन की पहल का स्वागत किया और कहा कि अवैध फैक्ट्रियों के कारण क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा था, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। प्रशासन ने भी संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में लोनी और आसपास के क्षेत्रों में इसी तरह के औचक निरीक्षण और सीलिंग अभियान चलाए जाएंगे। इस संयुक्त कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि बिना अनुमति और नियमों को ताक पर रखकर उद्योग संचालन करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त रुख अपनाए हुए है और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

# अंधविश्वास की बलि चढ़ा दोस्त, दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद**। आधुनिक युग में विज्ञान और शिक्षा के विस्तार के बावजूद अंधविश्वास आज भी लोगों की सोच पर हावी है। इसी अंधविश्वास का भयावह रूप ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में सामने आया, जहां ईश्वर से मिलने और रातोंरात अमीर बनने के लालच में दोस्तों ने अपने ही साथी की बेरहमी से हत्या कर दी। ट्रोनिका सिटी थाने के एसएचओ मनोज कुमार की टीम ने एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में 13 जनवरी को सिग्नेचर सिटी चौकी क्षेत्र में हुए इस ब्लाइंड मर्डर का महज तीन दिन में खुलासा कर सनसनीखेज सच सामने ला दिया। पुलिस के अनुसार जिस युवक की जली हुई लाश ऑटो में रखकर बरामद की गई थी, उसकी पहचान मिलक अंकुर विहार निवासी नवीन उर्फ नन्दू के रूप में हुई। शिनाख्त के बाद पुलिस ने वैज्ञानिक और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया और हत्या में शामिल दो आरोपियों सागर और पवन को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी नसीम पुलिस की भनक लगते ही फरार हो गया, जिसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने जो कहानी बताई, वह रोंगटे खड़े कर देने वाली है। आरोपियों के अनुसार मृतक नन्दू उर्फ नवीन एक तांत्रिक के संपर्क में था। वह तांत्रिक के पास अक्सर जाया करता था ।

# ईरान में जब्त तेल टैंकर का इंजीनियर हिरासत में, गाजियाबाद के पिता ने भारत सरकार से लगाई गुहार

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। ईरान द्वारा कथित तौर पर जब्त किए गए एक तेल टैंकर के चालक दल में शामिल गाजियाबाद के एक इंजीनियर के हिरासत में लिए जाने से उसका परिवार गहरे सदमे और चिंता में है। टैंकर पर कार्यरत इंजीनियर के पिता ने भारत सरकार से भावुक अपील करते हुए अपने बेटे की सुरक्षित और शीघ्र रिहाई के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। गाजियाबाद निवासी मुकेश मेहता ने बताया कि उनका बेटा केतन मेहता दुबई स्थित प्राइम टैंकर एलएलसी द्वारा संचालित तेल टैंकर एमटी वेरिएंट रोलर पर इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। उनके अनुसार, यह जहाज पिछले महीने ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर रोका गया, जिसके बाद ईरानी अधिकारियों ने केतन समेत जहाज पर मौजूद 16 चालक दल सदस्यों को हिरासत में ले लिया। पिता ने कहा कि बेटे के हिरासत में लिए जाने की सूचना मिलने के बाद से पूरा परिवार भय, तनाव और अनिश्चितता के माहौल में जी रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केतन केवल ईमानदारी से अपनी आजीविका कमा रहा था और उसने किसी भी प्रकार का अपराध या कानून का उल्लंघन नहीं किया है। परिवार को अब तक बेटे की स्थिति को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। मुकेश मेहता ने भारत सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय और शिपिंग के महानिदेशक से इस मामले में तत्काल राजनयिक पहल करने की अपील की है। उन्होंने आग्रह किया कि इस प्रकरण को मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाए और ईरान के साथ कूटनीतिक संबंधों का उपयोग कर भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाए। यह घटना अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा और शांतिपूर्ण व्यापार में लगे नाविकों के अधिकारों पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। पिता को उम्मीद है कि संकट की इस घड़ी में भारत सरकार परिवार के साथ खड़ी होगी और उनके बेटे केतन समेत सभी चालक दल सदस्यों की सकुशल और शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करेगी।

# संस्कृति उत्सव-2026' में लोककला और प्रतिभा का भव्य संगम

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति, हमारी पहचान-की भावना को साकार करते हुए जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा शनिवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर में 'संस्कृति उत्सव-2026ज्का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, परियोजना निदेशक प्रदीप पांडेय, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, बीएसए ओ.पी. यादव सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का पुष्पगुच्छ, पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत संबोधन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि हमारी परंपरागत सांस्कृतिक विधाओं को जीवंत बनाए रखने के लिए संस्कृति उत्सव एक सशक्त मंच है। उन्होंने बताया कि इस उत्सव का आयोजन ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर से प्रारंभ होकर जनपद की तीनों तहसीलों-सदर, लोनी और मोदीनगर में किया गया, जहां से चयनित विजेता कलाकारों ने जनपद स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गायन, वादन और नृत्य की विभिन्न विधाओं में लोक संस्कृति, सुगम संगीत, शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय कला का सुंदर समावेश देखने को मिला, जो आगे मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में जनपद का प्रतिनिधित्व करेगा। मुख्य अतिथि श्री नरेन्द्र कश्यप ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति को साथ लेकर विकास की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम यह प्रमाणित करते हैं कि देश, प्रदेश और जनपद ही नहीं, बल्कि प्रत्येक तहसील स्तर पर भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा किसी न किसी प्रतिभा से संपन्न होता है और इस मंच पर प्रस्तुत कार्यक्रमों ने इस तथ्य को सजीव कर दिया है।

राज्य मंत्री ने विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि कार्यक्रम में केवल सामान्य बच्चों ने ही नहीं, बल्कि दृष्टिहीन, मूक-बधिर एवं अन्य दिव्यांगजन कलाकारों ने भी देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत होकर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जो अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रस्तुतियों की गुणवत्ता देखकर वे भाव-विभोर हो गए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 24 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर गाजियाबाद जनपद एक और भव्य व यादगार सांस्कृतिक आयोजन प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

सामूहिक लोकनृत्य में कंपोजिट विद्यालय गढ़ी कटैया, लोनी ने प्रथम तथा पीबीएएस इंटर कॉलेज, मोदीनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय समूह नृत्य में अयाना ग्रुप प्रथम और जैन मती इंटर कॉलेज द्वितीय स्थान पर रहा। एकल नृत्य में उर्वशी प्रथम एवं सौम्या द्वितीय रहीं, जबकि युवा एकल नृत्य में उज्ज्वल ने प्रथम स्थान हासिल किया। एकल लोकनृत्य में शांतनु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।